
दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 2 | अंक: 236 जयपुर, शनिवार, 05 अगस्त, 2023 | श्रावण, कृष्ण पक्ष- चतुर्थी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## नए 19 जिलों और तीन संभागों को मिली कैबिनेट की मंजूरी: अब राज्य में हो गए 50 जिले और 10 संभाग

# बदला जिलों का भूगोल... बना नया इतिहास



बेधड़क | जयपुर

मंत्रिमंडल ने राज्य में 19 नए जिले और 3 नए संभाग बनाने को मंजूरी शुक्रवार को दे दी। इसके साथ ही प्रदेश में जिलों की कुल संख्या बढ़कर 50 और संभागों की संख्या 10 हो जाएगी, जबकि 7 अगस्त को नवगठित जिलों में औपचारिक उद्घाटन कार्यक्रम होंगे।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को नए जिलों के गठन के प्रारूप जारी करते हुए मुख्यमंत्री निवास में मीडिया से कहा कि हमारी गवर्नेंस को आमजन द्वारा पसंद किया गया है। राज्य सभी क्षेत्रों में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। राज्य में बड़े स्तर पर सरकारी विद्यालय, पीएचसी, सीएचसी, पटवार सर्किल, उप तहसील, तहसील, उपखंड कार्यालय, अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय आदि खोले गए हैं। विगत साढ़े चार वर्ष में 1284 नए गांव बनाए गए हैं। साथ ही, 96 पटवार मंडल, 32 भू-अभिलेख निरीक्षक सर्किल, 125 उप तहसील, 85 तहसील, 35 उपखंड कार्यालय, 13 एडीएम कार्यालय एवं एक सहायक कलेक्टर कार्यालय खोले गए हैं। वहीं, 1035 नए पटवार मंडल बनाने की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, कॉन्स्टिट्यूशन क्लब, गांधी म्यूजियम, महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज एंड गवर्नेंस एवं आईपीडी टावर के निर्माण जैसे कदमों ने विजन 2030 की रूपरेखा तैयार की है।

## विजन 2030 को लेकर चल रही सरकार

### जयपुर ही रहेगा दोनों जिलों का मुख्यालय

जयपुर और जयपुर ग्रामीण दोनों का मुख्यालय जयपुर रहेगा। नए जिलों के गठन को मंजूरी देने के साथ उनके मुख्यालय भी तय कर दिए गए हैं। जयपुर ग्रामीण और जयपुर दोनों जिलों के मुख्यालय जयपुर में ही रहेंगे। जोधपुर और जोधपुर ग्रामीण, दोनों जिलों के मुख्यालय जोधपुर में ही रहेंगे। डीडवाना-कुचामन का मुख्यालय अस्थाई रूप से डीडवाना मुख्यालय डीडवाना रहेगा। कोटपूतली- बहरोड़ का मुख्यालय कोटपूतली ही रखा है। खैरथल- तिजारा जिले का मुख्यालय खैरथल होगा।

### बन सकते हैं 9 और जिले, 6 माह बढ़ाया कमेटी का कार्यकाल

नए जिलों के गठन की प्रक्रिया जारी रहने को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा है कि और जिले बनाने को लेकर उनका दृष्टिकोण खुला है और इस पर विचार किया जा सकता है। नए जिलों के गठन को लेकर बनी रामलुभाया कमेटी का समय छह माह के लिए बढ़ा दिया गया है। अब और जिले बनाने के बारे में सुझाव उसके पास जाएंगे, उसकी रपट आने पर इस बारे में विचार किया जाएगा। और नए जिले बनाने को लेकर हमारी सोच खुली है और हम मानते हैं कि जितने छोटे जिले बनेंगे उतनी प्रशासनिक क्षमता बढ़ेगी। इसके साथ ही नए जिलों में अधिकारियों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

■ पेज दो भी देखें

## पीएम नहीं बनना, यहीं राजनीति करूंगा

सीएम गहलोत ने कहा कि मैं मेरे कामों के आधार पर, शासन के आधार पर, सिर्फ और सिर्फ उनके आधार पर चुनाव प्रचार में जाऊंगा, और कोई भावना नहीं। राज्य में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं और गहलोत ने दावा किया किया उनकी सरकार 'रिपीट' होने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालात हमारे पक्ष में चल रहे हैं। सरकार रिपीट होगी। जनता यह तय कर चुकी है। जनता इस बार पहले ही कहने लगी है कि सरकार तो वापस आ रही है।

### राहुल गांधी हैं प्रधानमंत्री का चेहरा

गहलोत ने कहा कि पीएम मोदी का मुकाबला केवल राहुल गांधी कर रहे हैं। हमारे लिए राहुल ही प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं, हालांकि इसका निर्णय आलाकमान करेगा। गहलोत की यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट द्वारा मानहानि मामले में राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगने के ठीक बाद आई है। खुद की पीएम पद की दावेदारी को लेकर पूछे गए सवाल पर गहलोत ने कहा कि मैंने तय कर रखा है कि मैं सिर्फ राजस्थान की राजनीति ही करूंगा और मैंने राजस्थान की सेवा करने का संकल्प ले रखा है, अंतिम सांस तक.... वो सवाल कभी पैदा होगा ही नहीं, आगे भी, कि मैं दिल्ली की राजनीति में उम्मीदवार हूं।' मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमारी पार्टी का चेहरा राहुल गांधी हैं प्रधानमंत्री पद के लिए, फिर ये कहां बातें उठती हैं कि और कोई आएगा।

### नवगठित जिले

1. अपूनगढ़
2. बालोतरा
3. ब्यावर
4. डीग
5. डीडवाना कुचामन
6. दूदू
7. गंगापुरसिटी
8. जयपुर
9. जयपुर (ग्रामीण)
10. केकड़ी
11. जोधपुर
12. जोधपुर (ग्रामीण)
13. कोटपूतली बहरोड़
14. खैरथल तिजारा
15. नीम का थाना
16. फलौदी
17. सलूम्बर
18. सांचौर
19. शाहपुरा

## जरूरी खबर

### गहलोत आज करेंगे ग्रामीण व शहरी खेलों का उद्घाटन



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शनिवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलिंपिक खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेल राज्यमंत्री अशोक चांदना करेंगे। समारोह सुबह 10 बजे सीएम ध्वजारोहण से शुरू होगा। कार्यक्रम में राज्य के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान होगा और ग्रामीण एक कबड्डी मैच खेलेंगे। खेल सचिव नरेश कुमार ठकराल ने बताया कि 5 अगस्त से 18 सितंबर तक चलने वाले इन खेलों में 7-7 खेल स्पर्धाएं होनी हैं। इन खेलों में कुल 58.51 लाख खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

### सहारा में फंसे 112 छोटे निवेशकों को 10-10 हजार रुपए

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सहारा समूह की चार सहकारी समितियों के करोड़ों जमाकर्ताओं की गाढ़ी कमाई लौटाने की प्रक्रिया शुरू की। इसके पहले चरण के तहत उन्होंने 112 छोटे निवेशकों को 10-10 हजार रुपए की पहली किस्त जारी की। शाह ने कहा कि अब तक 18 लाख जमाकर्ताओं ने 'सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल' पर पंजीकरण कराया है। इस पोर्टल की शुरुआत 18 जुलाई को हुई थी। उन्होंने धनराशि जारी करने के बाद कहा, 'आज 112 निवेशकों में प्रत्येक के बैंक खाते में लगभग 10,000 रुपए स्थानांतरित किए गए हैं।'

## राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता होगी बहाल

# मानहानि मामले में दोषसिद्धि और सजा पर 'सुप्रीम' रोक

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मोदी उपनाम को लेकर दर्ज आपराधिक मानहानि मामले में शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगा दी। इससे राहुल की लोकसभा सदस्यता बहाल होने का मार्ग खुल गया है। इस सिलसिले में लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर राहुल गांधी की सदस्यता बहाल करने का आग्रह किया। बता दें, 17वीं लोकसभा का कार्यकाल मई 2024 में समाप्त हो रहा है।

जस्टिस बी आर गवई, जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने कहा कि निचली अदालत के न्यायाधीश ने राहुल गांधी को दोषी ठहराते और सजा सुनाने का कोई कारण नहीं बताया, सिवाय इसके कि उन्हें अवमानना मामले में शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी थी।



### सत्य की हमेशा जीत होती है: राहुल गांधी

शीर्ष कोर्ट से राहत मिलने के बाद राहुल गांधी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों सच्चाई की जीत होती ही है। मुझे क्या करना है, उसे लेकर मेरे मन में स्पष्टता है।' उन्होंने लोगों को उनका समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने ट्वीट किया, 'चाहे कुछ भी जाए, मेरा कर्तव्य वही रहेगा। भारत की अवधारणा की रक्षा करना।'

### अधिकतम सजा के कारण तो बताते

पीठ ने कहा, 'केवल निचली अदालत के न्यायाधीश द्वारा सुनाई गई इस अधिकतम सजा के कारण, वह जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के दायरे में आ गए। यदि सजा एक दिन कम होती, तो प्रावधान लागू नहीं होते, खासकर जब कोई अपराध गैर संज्ञेय, जमानती और समझौता योग्य हो। निचली अदालत के न्यायाधीश से कम से कम यह अपेक्षा थी कि वह अधिकतम सजा देने के कुछ कारण बताते। शीर्ष अदालत ने कहा कि गांधी की दोषसिद्धि और उसके बाद संसद सदस्यता से अयोग्य करार दिए जाने ने न केवल सार्वजनिक जीवन में बने रहने के उनके अधिकार को प्रभावित किया, बल्कि मतदाताओं के अधिकार को भी प्रभावित किया, जिन्होंने उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना था। पीठ ने कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं कि बयान अच्छे नहीं थे और सार्वजनिक जीवन में रहने वाले व्यक्ति से सार्वजनिक भाषण देते समय सावधानी बरतने की अपेक्षा की जाती है। गांधी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने पैरवी की।

### यह संविधान और लोकतंत्र की जीत: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने संवाददाताओं से कहा, 'आज खुशी का, बड़ा दिन है। यह सिर्फ राहुल गांधी की ही जीत नहीं है। यह संविधान की जीत है, लोकतंत्र की जीत है, यह वायनाड के लोगों और मतदाताओं की जीत है और भारत की जनता की जीत है। सत्यमेव जयते।'

## पकड़ा गया मेयर मुनेश गुर्जर का घूसखोर पति

# निगम हेरिटेज की महापौर का पति और दो दलाल दबोचे

- पट्टा जारी करने की एवज में ली 2 लाख रुपए की घूस
- मेयर और दलाल के घर में मिले करीब 50 लाख रुपए

बेधड़क | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज की मेयर मुनेश गुर्जर के पति और दो दलालों को 2 लाख रुपए की रिश्वत लेते एसीबी ने शुक्रवार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। महापौर के पति सुशील गुर्जर ने जमीन के पट्टे के लिए यह घूस राशि दलालों के जरिए ली थी। एसीबी ने कार्रवाई के दौरान मुनेश के पति के निवास की तलाशी में 41,55,400 रुपए बरामद किए। वहीं एक दलाल के घर से तलाशी में 8.95 लाख रुपए से अधिक की नकदी मिली।

एसीबी के कार्यवाहक डीजी हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसका पट्टा जारी करने की एवज में सुशील गुर्जर तथा दलालों नारायण सिंह व अनिल दुबे 2 लाख रुपए रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है। इस पर एसीबी के डीआईजी रणधीर सिंह के सुपरविजन में शिकायत का सत्यापन कर एडिशनल एसपी ललित शर्मा, पुलिस निरीक्षक सज्जन सिंह व टीम ने दोनों दलालों को नेहरू नगर, हटवाड़ा रोड से परिवादी से रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा। वहीं, मामले में संलिप्तता के आधार पर आरोपी सुशील गुर्जर (मेयर पति) पुत्र रामप्रसाद गुर्जर हटवाड़ा रोड, हसनपुरा को भी गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान आरोपी सुशील के निवास निवास की तलाशी में 41,55,400 रुपए की नकदी बरामद हुई। परिवादी के पट्टे की फाइल भी सुशील गुर्जर के निवास से बरामद हुई। वहीं, आरोपी दलाल नारायण सिंह के निवास की तलाशी में 8.95 लाख रुपए बरामद हुए। एसीबी ने नोट गिनने के लिए मशीन मंगवाई। तलाशी व जांच अभी जारी है।


मेयर कार्यालय में छानबीन करती एसीबी।


आरोपी मेयर पति सुशील गुर्जर

## सच आएगा सामने!

# ज्ञानवापी: एएसआई का सर्वे शुरू... SC का रोक लगाने से इनकार

- यह पता लगेगा कि मस्जिद किसी मंदिर की संरचना पर बनी है या नहीं
- मुस्लिम पक्ष ने इसे बताया 'पुराने घाव को हरा किया जाना'
- शीर्ष कोर्ट ने किसी तरह की तोड़फोड की कार्रवाई नहीं करने की दी हिदायत

एजेंसी | नई दिल्ली/वाराणसी

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया, जिसमें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में वैज्ञानिक सर्वेक्षण की अनुमति दी गई थी। इस बीच, हाई कोर्ट के आदेश की बिना पर एएसआई ने सुबह सर्वे शुरू कर दिया था, जो 12 बजे तक चला। यद्यपि मुस्लिम पक्ष ने शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान एएसआई सर्वेक्षण की कवायद को 'पुराने घाव को हरा किया जाना' बताया। सर्वेक्षण यह तय करने के लिए किया जा रहा है कि क्या 17वीं शताब्दी की मस्जिद का निर्माण एक हिंदू मंदिर की पहले से मौजूद संरचना पर किया गया है। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस जे. बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने बगैर तोड़फोड सर्वेक्षण करने का आदेश दिया।

### SG की दलीलों का लिया संज्ञान

पीठ ने एएसआई और यूपी सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों का संज्ञान लिया कि सर्वेक्षण के दौरान कोई खुदाई नहीं की जाएगी और ना ही संरचना को कोई नुकसान पहुंचाया जाएगा। पीठ ने कहा, 'सॉलिसिटर जनरल के जरिए एएसआई ने स्पष्ट किया गया है कि कोई खुदाई किए बिना और संरचना को कोई नुकसान पहुंचाए बिना सर्वेक्षण का काम पूरा किया जाएगा।'

**एएसआई को 4 माह का अतिरिक्त समय:** अदालत ने एएसआई को ज्ञानवापी परिसर में सर्वेक्षण के लिये दिया चार हफ्ते का अतिरिक्त समय वाराणसी की एक अदालत ने शुक्रवार को ज्ञानवापी मस्जिद में चल रहे वैज्ञानिक सर्वेक्षण को पूरा करने के लिए एएसआई को चार सप्ताह का अतिरिक्त समय दे दिया। एएसआई ने इसके लिए याचिका दायर की थी।



### एएसआई निचली कोर्ट में देगी रिपोर्ट

शीर्ष अदालत ने कहा कि एएसआई के वैज्ञानिक सर्वेक्षण के साक्ष्य मूल्य को मुकदमे में सुनवाई के दौरान परीक्षण से गुजरना है और इस पर जिरह करने और आपत्तियां दर्ज कराने का रास्ता अब भी खुला है। न्यायालय ने कहा कि इसलिए ऐसा नहीं समझा जाना चाहिए कि एएसआई की रिपोर्ट अपने आप में विवादग्रस्त मामलों का निर्धारण करती है। शीर्ष अदालत की पीठ ने आदेश में कहा गया है कि एएसआई की रिपोर्ट निचली अदालत को भेजी जाएगी और उस पर फैसला जिला न्यायाधीश द्वारा लिया जाएगा। कोर्ट में मुस्लिम पक्ष ने कहा कि एएसआई के सर्वेक्षण का इरादा इतिहास खंगालना है और यह 'अतीत के घावों को फिर से हरा करेगा।'

### प्रदेश में 19 नए जिलों का गठन: 7 अगस्त को प्रभारी मंत्री विधिवत पूजा-अर्चना कर करेंगे स्थापना

# अब नए राजस्थान की नई तस्वीर...

## अक्षरशः निभाया वचन, किया नए जिलों का गठन: गहलोत

बेधड़क । जयपुर

राजस्थान में 19 नए जिले बनाए गए हैं। शुक्रवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में जिलों के नोटिफिकेशन को मंजूरी दी गई। मीटिंग के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मीडिया से कहा कि नए जिले के प्रभारी मंत्री सात अगस्त को पूजा-अर्चना कर नए जिलों की औपचारिक स्थापना करेंगे। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर मीडिया से कहा कि सनातनी संस्कृति के हिसाब से जिलों की स्थापना की जाएगी। प्रभारी मंत्रियों को यह जिम्मेदारी दी गई है। मुख्यमंत्री गहलोत ने जिलों के गठन कार्यक्रम के बाद लोगों को बधाई देते हुए ट्वीट किया कि 'अक्षरशः निभाया वचन' किया नए जिलों का गठन।

गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण की है। जिलों का आकार जितना छोटा होगा उतनी ही प्रशासनिक क्षमता बढ़ेगी। उन्होंने अन्य राज्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में 95 जिले 5 लाख से कम आबादी वाले हैं। पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश की जनसंख्या लगभग 7.70 करोड़ है और वहां 53 जिले हैं। इसी प्रकार, छत्तीसगढ़ में 2.56 करोड़ की जनसंख्या पर 33 जिले हैं।

उन्होंने कहा कि नए जिलों के लिए अधिकारियों की कमी नहीं आने दी जाएगी। नए जिलों का गठन होने के बाद इनमें विभिन्न पदों के लिए भर्तियां भी होंगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) अपर्णा अरोड़ा ने बताया कि नए जिलों को जल्द ही अधिसूचित किया जाएगा। पहले से ही मौजूद जयपुर व जोधपुर जिलों को चार जिलों जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण तथा जोधपुर एवं जोधपुर ग्रामीण में विभाजित किया गया है, अतः जिलों की संख्या 50 रहेगी। उल्लेखनीय है फिलहाल राजस्थान में 33 जिले हैं। अधिकारियों के अनुसार नए जिलों के सीमांकन की अधिसूचना राजस्व विभाग की तरफ से जारी की जाएगी।

### जयपुर जिला- ग्रामीण

| क्र. स. | नाम उपखण्ड | तहसील |
|---|---|---|
| 1. | जयपुर | तहसील जयपुर का नगर निगम जयपुर (हेरीटेज एवं ग्रेटर) के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोड़कर शेष समस्त भाग तहसील कालवाड़ का नगर निगम जयपुर (ग्रेटर) के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोड़कर शेष समस्त भाग |
| 2. | सांगानेर | सांगानेर का नगर निगम जयपुर (ग्रेटर) के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोड़कर शेष समस्त भाग |
| 3. | आमेर | आमेर का नगर निगम जयपुर (हेरीटेज) के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोड़कर शेष समस्त भाग<br>जालसू |
| 4. | बस्सी | बस्सी/तूंगा |
| 5. | चाकसू | चाकसू/कोटखावदा |
| 6. | जमवारामगढ़ | जमवारामगढ़/ आंधी |
| 7. | चौमू | चौमू |
| 8. | सांभरलेक | फुलेरा मु.-सांभरलेक |
| 9. | माधोराजपुरा | माधोराजपुरा |
| 10. | रामपुरा डाबड़ी | रामपुरा डाबड़ी |
| 11. | किशनगढ़ रेनवाल | किशनगढ़ रेनवाल |
| 12. | जोबनेर | जेबनेर |
| 13. | शाहपुरा | शाहपुरा |

जिला मुख्यालय जयपुर




### जोधपुर (ग्रामीण)

| क्र. स. | नाम उपखण्ड | तहसील |
|---|---|---|
| 1. | जोधपुर उत्तर | तहसील जोधपुर का नगर निगम जोधपुर के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोड़कर शेष समस्त भाग |
| 2. | जोधपुर दक्षिण | तहसील जोधपुर का नगर निगम जोधपुर के अन्तर्गत आने वाले भाग को छोड़कर शेष समस्त भाग<br>कुडीभक्तासनी |
| 3. | लूणी | लूणी/झंवर |
| 4. | बिलाड़ा | बिलाड़ा |
| 5. | भोपालगढ़ | भोपालगढ़ |
| 6. | पीपाडसिटी | पीपाडसिटी |
| 7. | ओसियॉ | ओसियॉ/ तिवरी |
| 8. | बावडी | बावडी |
| 9. | शेरगढ़ | शेरगढ़ |
| 10. | बालेसर | बालेसर/सेखला/ चामू |

जिला मुख्यालय जोधपुर




### जिला जोधपुर

| क्र. स. | नाम उपखण्ड | तहसील |
|---|---|---|
| 1 | जोधपुर उत्तर | जोधपुर तहसील का नगर निगम जोधपुर के अन्तर्गत आने वाला समस्त भाग |
| 2 | जोधपुर दक्षिण | जोधपुर तहसील का नगर निगम जोधपुर के अन्तर्गत आने वाला समस्त भाग |

### प्रस्तावित जिला-केकड़ी

जिला मुख्यालय केकड़ी



| क्र. स. | नाम उपखण्ड | तहसील |
|---|---|---|
| 1. | केकड़ी | केकड़ी |
| 2. | सावर | सावर |
| 3. | भिनाय | भिनाय |
| 4. | सरवाड़ | सरवाड़<br>टांटोटी |
| 5. | टोडारायसिंह | टोडारायसिंह |

### जिला- शाहपुरा

जिला मुख्यालय शाहपुरा



| क्र. स. | नाम उपखण्ड | तहसील |
|---|---|---|
| 1. | शाहपुरा | शाहपुरा |
| 2. | जहाजपुर | जहाजपुर<br>काछोला |
| 3. | फूलियाकलां | फूलियाकलां |
| 4. | बनेडा | बनेडा |
| 5. | कोटडी | कोटडी |

### प्रदेश में अब दस संभाग

**राजस्थान में सरकार ने संभागों का गठन/पुनर्गठन किया है। इसमें तीन नए संभाग भी बनाए गए हैं। इसके बाद अब प्रदेश में दस संभाग हो गए हैं।**


### तीन नए संभाग और उनके जिले

| सीकर | पाली | बांसवाड़ा |
|---|---|---|
| इस संभाग में सीकर, झुंझुनूं, चूरू और नीमकाथाना | इस संभाग में पाली, जालौर, सिरोही और सांचौर | इस संभाग में बांसवाड़ा डूंगरपुर और प्रतापगढ़ |

**जयपुर :** जयपुर, जयपुर (ग्रामीण), दूदू, कोटपूतली-बहरोड, दौसा, खैरथल, अलवर
**बीकानेर :** बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, अनूपगढ़
**अजमेर :** अजमेर, ब्यावर, केकड़ी, टोंक, नागौर, डीडवाना-कुचामन, शाहपुरा
**भरतपुर :** भरतपुर, धौलपुर, करौली, डीग, गंगापुरसिटी, सवाई माधोपुर
**कोटा :** कोटा, बून्दी, बारां, झालावाड़
**जोधपुर :** जोधपुर, जोधपुर (ग्रामीण) फलौदी, जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा
**उदयपुर :** उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, राजसमंद, सलूम्बर

### जिला- कोटपूतली-बहरोड़

जिला मुख्यालय कोटपूतली-बहरोड़



| क्र. स. | नाम उपखण्ड | तहसील |
|---|---|---|
| 1. | बहरोड़ | बहरोड़ |
| 2. | बानसूर | बानसूर |
| 3. | नीमराना | नीमराना, मांढण |
| 4. | नारायणपुर | नारायणपुर |
| 5. | कोटपूतली | कोटपूतली |
| 6. | विराटनगर | विराटनगर |
| 7. | पावटा | पावटा |

### जिला- खैरथल तिजारा

जिला मुख्यालय खैरथल



| क्र. स. | नाम उपखण्ड | तहसील |
|---|---|---|
| 1. | तिजारा | तिजारा |
| 2. | किशनगढ़बास | किशनगढ़बास<br>खैरथल |
| 3. | कोटकासिम | कोटकासिम<br>हरसोली |
| 4. | टपूकड़ा | टपूकड़ा |
| 5. | मुंडावर | मुंडावर |

### जिला- नीमकाथाना

जिला मुख्यालय नीमकाथाना



| क्र. स. | नाम उपखण्ड | तहसील |
|---|---|---|
| 1. | नीम का थाना | नीम का थाना<br>पाटन |
| 2. | श्रीमाधोपुर | श्रीमाधोपुर |
| 3. | उदयपुरवाटी | उदयपुरवाटी |
| 4. | खेतड़ी | खेतड़ी |

### जिला फलौदी

जिला मुख्यालय फलौदी



| क्र. स. | नाम उपखण्ड | तहसील |
|---|---|---|
| 1. | फलौदी | फलौदी |
| 2. | लोहावट | लोहावट |
| 3. | आऊ | आऊ |
| 4. | देचू | देचू<br>सेतरावा |
| 5. | बाप | बाप<br>घंटियाली |
| 6. | बापिणी | बापिणी |

### जिला- सलूम्बर

जिला मुख्यालय सलूम्बर




| क्र. स. | नाम उपखण्ड | तहसील |
|---|---|---|
| 1. | सराड़ा | सराड़ा |
| 2. | सेमारी | सेमारी |
| 3. | लसाड़िया | लसाड़िया |
| 4. | सलूम्बर | सलूम्बर<br>झल्लारा |

### जिला-सांचौर

जिला मुख्यालय सांचौर



| क्र. स. | नाम उपखण्ड | तहसील |
|---|---|---|
| 1. | सांचौर | सांचौर |
| 2. | बागोडा | बागोडा |
| 3. | चितलवाना | चितलवाना |
| 4. | रानीवाड़ा | रानीवाड़ा |

### जिला - अनूपगढ़

जिला मुख्यालय अनूपगढ़




| क्र. स. | नाम उपखण्ड | तहसील |
|---|---|---|
| 1. | अनूपगढ़ | अनूपगढ़ |
| 2. | रायसिंहनगर | रायसिंहनगर |
| 3. | श्रीविजयनगर | श्रीविजयनगर |
| 4. | घड़साना | घड़साना<br>रावला |
| 5. | छत्तरगढ़ | छत्तरगढ़ |
| 6. | खाजूवाला | खाजूवाला |

### जिला - बालोतरा

जिला मुख्यालय बालोतरा




| क्र. स. | नाम उपखण्ड | तहसील |
|---|---|---|
| 1. | बालोतरा | पचपदरा<br>कल्याणपुर |
| 2. | सिवाना | सिवाना<br>समदड़ी |
| 3. | बायतु | बायतु<br>गिड़ा |
| 4. | सिणधरी | सिणधरी |

### जिला- ब्यावर

जिला मुख्यालय ब्यावर




| क्र. स. | नाम उपखण्ड | तहसील |
|---|---|---|
| 1. | ब्यावर | ब्यावर |
| 2. | टाटगढ़ | टाटगढ़ |
| 3. | जैतारण | जैतारण |
| 4. | रायपुर | रायपुर |
| 5. | मसूदा | मसूदा<br>विजयनगर |
| 6. | बदनोर | बदनोर |

### जिला- डीग

जिला मुख्यालय डीग




| क्र. स. | नाम उपखण्ड | तहसील |
|---|---|---|
| 1. | डीग | डीग/जनूथर |
| 2. | कुम्हेर | कुम्हेर/रारह |
| 3. | नगर | नगर |
| 4. | सीकरी | सीकरी |
| 5. | कामां | कामां/जुरहरा |
| 6. | पहाड़ी | पहाड़ी |

### जिला- डीडवाना-कुचामन


जिला मुख्यालय डीडवाना



| क्र. स. | नाम उपखण्ड | तहसील |
|---|---|---|
| 1. | डीडवाना | डीडवाना<br>मौलासर<br>छोटी खाटू |
| 2. | लाडनूं | लाडनूं |
| 3. | परबतसर | परबतसर |
| 4. | मकराना | मकराना |
| 5. | नावां | नावां |
| 6. | कुचामनसिटी | कुचामनसिटी |

### जिला दूदू

जिला मुख्यालय दूदू




| क्र. स. | नाम उपखण्ड | तहसील |
|---|---|---|
| 1. | मौजमाबाद | मौजमाबाद |
| 2. | दूदू | दूदू |
| 3. | फागी | फागी |

### जिला- गंगापुरसिटी

जिला मुख्यालय गंगापुरसिटी




| क्र. स. | नाम उपखण्ड | तहसील |
|---|---|---|
| 1. | गंगापुरसिटी | गंगापुरसिटी<br>तलावड़ा |
| 2. | वजीरपुर | वजीरपुर |
| 3. | बामनवास | बामनवास<br>बरनाला |
| 4. | टोडाभीम | टोडाभीम |
| 5. | नादोती | नादोती |

---

**कांग्रेस पर हमलावर हुई भाजपा**

## हिंदू बहनों से राखी बंधाएगा BJP अल्पसंख्यक मोर्चा

बेधड़क । जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर रक्षाबंधन पर्व पर देशभर में भाजपा नेता मुस्लिम महिलाओं के बीच जाकर रक्षाबंधन का पर्व मनाएंगे, लेकिन राजस्थान में प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यकर्ता रक्षाबंधन पर हिंदू बहनों से घर जाकर राखी बंधवाएंगे। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने जयपुर में शुक्रवार को प्रेसवार्ता करते हुए इसकी जानकारी दी।




मेवाती ने कहा कि पीएम मोदी ने आह्वान किया है कि सबका साथ सबका विकास लेकर चलेंगे। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ता इस आह्वान पर इस रक्षाबंधन पर हिंदू बहनों से घर जाकर राखी बंधवाएंगे। वहीं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा साम्प्रदायिक सौहार्द की पूर्ण वापसी के लिए 5 से 10 अगस्त तक सूफी संवाद कार्यक्रम पूरे प्रदेश में आयोजित करेगा। जिसकी शुरुआत जयपुर के चार दरवाजा स्थित मौलाना जियाउदीन साहब की दरगाह से की जाएगी। इसके बाद कार्यकर्ता कांग्रेस सरकार के खिलाफ 11 से 24 अगस्त तक सभी संभागों में जाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। जिसकी शुरुआत सीएम गहलोत के विधानसभा क्षेत्र सरदारपुरा (जोधपुर) से होगी। अल्पसंख्यक मोर्चा 25 से 31 अगस्त तक पूरे प्रदेश में 'मोदी मित्र अभियान' चलाकर अल्पसंख्यक समाज को जागृत करने का काम करेगा।

### भीलवाड़ा घटना पर छलके अल्का गुर्जर के आंसू

भाजपा प्रदेश मुख्यालय से राष्ट्रीय सचिव अल्का गुर्जर और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने भीलवाड़ा में नाबालिग को रेप के बाद भट्टी में झोंकने के विभत्स मामले में कांग्रेस सरकार पर जुबानी हमला बोला। इस दौरान चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था पैरों पर है। जो भीलवाड़ा के कोटड़ी में घटना हुई है उसने सब का दिल जला दिया है। क्या राजस्थान में मुख्यमंत्री इसकी गारंटी दे सकते हैं कि बेटी घर से बाहर निकलेगी तो सुरक्षित वापस आ जाएगी। वहीं अल्का गुर्जर ने कहा कि अब तो हद हो गई। एक तंदूर कांड हमने




देखा था दिल्ली में जो इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं और दूसरा तंदूर कांड जो वीरों की धरती पर हुआ हैं। जहां एक बच्ची को जिंदा जला दिया जाएगा। राजस्थान को कभी मंजूर नहीं....यह कहते हुए गुर्जर के आंखों से आंसू छलक गए और वह भावुक हो गईं। गुर्जर ने कहा यह कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गुर्जर ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से कहना चाहती हूं, प्रदेश में जो जंगलराज है उसको खत्म कर दीजिए। महिला का सम्मान कोई मुद्दा या राजनीति का विषय नहीं होता, मुझे शर्म आती है।

**नगरीय निकाय उपचुनाव**

## नौ जिलों के रिक्त वार्डों में वोटिंग 20 को

बेधड़क । जयपुर

प्रदेश में 9 जिलों की नगर परिषद, नगर निगम और नगर पालिका के रिक्त वार्डों में उपचुनाव के लिए मतदान 20 अगस्त को होगा। इस संबंध में राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को आदेश जारी किए।

राज्य निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सचिव नारायण सिंह ने बताया कि अजमेर जिले की नगर परिषद ब्यावर के 33 वार्ड, नगरपरिषद बांसवाड़ा के 33 वार्ड, नगर निगम भरतपुर के 55 वार्ड, बूंदी जिले की नगरपालिका इंद्रगढ़ के 4 वार्ड, चित्तौडगढ़ जिले की नगरपालिका बड़ीसादड़ी के 7 वार्ड, जालौर जिले की नगरपालिका भीनमाल के 37 वार्ड, नागौर जिले की नगरपालिका कुचेरा के 18 वार्ड और नगरपरिषद कुचामनसिटी के 16 वार्ड, नगरपरिषद सवाईमाधोपुर के 22 वार्ड और टोंक जिले की नगरपालिका उनियारा के 2 वार्डों को भरने के लिए उपचुनाव होगा।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रकिया के अनुसार 4 अगस्त से 8 अगस्त तक सुबह साढ़े 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाएंगे और 10 अगस्त को निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी।

12 अगस्त तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इन रिक्त वार्डों के लिए 20 अगस्त को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा।

## जरूरी खबर

### चार बीघा भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी तोड़ी



**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने जोन-13 में शुक्रवार को निजी खातेदारी की चार बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया है। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-13 स्थित चौमू में रेलवे स्टेशन रोड पर खादी कॉलोनी के पास चार बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के और बिना-भू रूपान्तरण कराए बाउंड्री वाल और अन्य अवैध निर्माण कर अवैध कॉलोनी बसाई जा रही थी। जोन-13 के प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान उप नियंत्रक प्रवर्तन-02 प्रवर्तन अधिकारी जोन-13, 02 और प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड और जोन में पदस्थापित राजस्व, तकनीकी स्टॉफ मौजूद रहे।

### मुहाना इलाके में दो समुदायों में टकराव

**जयपुर।** मानसरोवर के मुहाना थाना इलाके में रामपुरा रोड पर शुक्रवार को दो समुदायों के बीच टकराव हो गया। इस दौरान पत्थरबाजी भी हुई। पुलिस ने करीब आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। इस दौरान आसपास के इलाकों में दुकानें बंद रही। एसीपी मानसरोवर अभिषेक शिवहरे ने बताया कि मामले में मूल यूपी हाल रामपुरा रोड निवासी रहीश और मूल बिहार हाल रामपुरा रोड निवासी इंतजा खान ने मुहाना थाने में मामला दर्ज कराया है, जिसमें बताया कि वे दोनों रामपुरा रोड पर रहकर कपड़े की फैक्ट्री में काम करते हैं। शुक्रवार को रामपुरा फाटक के पास 10-12 लोग उनसे झगड़ा करने लगे और मारपीट करने लग गए। देर शाम तक दूसरे पक्ष से किसी तरह का मामला दर्ज नहीं हुआ है।

## जयपुर में कल से मौसम रहेगा साफ, आज कई जगह बारिश का अलर्ट

# बीसलपुर बांध में पानी की आवक, जलस्तर 314 RL मीटर

बेधड़क | जयपुर

राजधानी में दिनभर मौसम ने अपने कई रूप दिखाए। शुक्रवार को कहीं भी भारी बारिश दर्ज नहीं की गई, मगर शहर के कई इलाकों में दिनभर रुक-रुककर बूंदाबांदी हुई।

इधर, मौसम सुहाना रहने से आमजन को गर्मी का अहसास नहीं हुआ। राज्य में शुक्रवार को पारा 40 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। सर्वाधिक तापमान श्रीगंगानगर में 37.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शुक्रवार को टोंक जिले के बीसलपुर बांध का जलस्तर 314 आरएल मीटर पहुंच गया।



### सीजन में हुई 69 फीसदी अधिक बारिश

राज्य में 1 जून से गुरुवार तक सामान्य बारिश से 69 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। गौरतलब है कि राज्य में कुल 390.2 एमएम बारिश हो चुकी है, जबकि समय की अवधि के दौरान प्रदेश में 231.3 एमएम बारिश होती है। राज्य के पश्चिमी हिस्सों में 120 फीसदी, जबकि पूर्वी हिस्से में 37 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है।

### आखिरी हफ्ते में होगी मध्यम बारिश

मौसम विभाग जयपुर केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार अगस्त के आखिरी हफ्ते में प्रदेश के कई हिस्सों में मध्यम बारिश होगी, जबकि इससे पहले 15 अगस्त के आसपास राज्य में बारिश की गतिविधियां कम होंगी और धूप खिली रहेगी। हालांकि, बीते 5 वर्ष के दौरान केवल 2 बार अगस्त में ढाई सौ मिमी से ज्यादा वर्षा हुई। वर्ष 2020 में 428 मिमी बारिश हुई थी और 2019 में 251 एमएम, तो 2022 में 271 एमएम बारिश हुई थी। इसके अलावा 2021 में करीब 186 एमएम बरसात हुई। इस वर्ष बारिश कम होने की संभावना जताई है।

### 8 जगह हो सकती है आज भारी बारिश

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार शनिवार को राज्य की आठ जगहों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इनमें धौलपुर, दौसा, बूंदी, करौली, सवाई माधोपुर, झालावाड़ के अलावा भरतपुर और बारां शामिल है। इसके अलावा अलवर, कोटा और टोंक को छोड़कर राज्य की सभी जगह मौसम सामान्य रहने का अनुमान जताया है। इसके अलावा शनिवार से मंगलवार तक मौसम सामान्य रहने की संभावना है।

## राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत पर कांग्रेस में हर्ष का माहौल

# दिल्ली में खुशी, जयपुर में भी जाहिर... आतिशबाजी हुई

बेधड़क | जयपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद कांग्रेस में खुशी का माहौल है। शुक्रवार को दिल्ली से लेकर जयपुर तक आतिशबाजी हुई। मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया। मानहानि केस में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाने के निर्णय का स्वागत करते हुए पीसीसी मुख्यालय के बाहर आतिशबाजी की गई और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई।

वहीं, जयपुर शहर कांग्रेस की ओर से बड़ी चौपड़ पर आतिशबाजी कर बड़ी चौपड़ पटाखे जलाए गए तो छात्र संगठन एनएसयूआई की ओर से राजविवि के मुख्य द्वार पर जश्न मनाया गया।






### लोकतंत्र की आवाज़ मजबूत: पायलट

वहीं, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने ट्वीट किया है कि सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की सजा पर रोक का फैसला करके लोकतंत्र की आवाज को मजबूत किया है। इंडिया की आवाज अब फिर संसद में गूंजेगी। जनता के अधिकारों की आवाज को मजबूत करने के लिए माननीय न्यायालय का आभार।

### NSUI ने मनाया जश्न

एनएसयूआई ने राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर पटाखे फोड़ कर खुशी जाहिर की। एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता रमेश भाटी ने बताया कि राहुल की सजा पर रोक लगना लोकतंत्र की विजय है।

### सत्य की ही जीत होती है: डोटासरा

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि कोर्ट के निर्णय के बाद अब केन्द्र सरकार को तुरंत गांधी की संसद सदस्यता को बहाल करना चाहिए। डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी सत्य की लड़ाई लड़ रहे हैं और इस लड़ाई में पूरा भारत गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। साबित हो गया है कि देश में सत्य की ही जीत होती हैं। इस दौरान विधायक रफीक खान, ललित तूनवाल, प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी, रामसिंह कस्वा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सत्यमेव जयते: जोशी

जलदाय मंत्री महेश जोशी ने कहा कि राहुल गांधी पर मानहानि के मुकदमे में सजा पर रोक का सुप्रीम कोर्ट का फैसला लोकतंत्र और सत्य की जीत है। जोशी ने इसे नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत बताया है। इसे लोकतंत्र की जीत बताया है। जोशी ने कहा कि यह सत्य की जीत है। अब राहुल गांधी रुकने वाले नहीं हैं।

### षड्यंत्रपूर्वक करवाई हुई: तिवाड़ी

जयपुर जिलाध्यक्ष आरआर तिवाड़ी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाई। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से फिर मोहब्बत की दुकान खुली है। बड़ी चौपड़ पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से आतिशबाजी की गई। जश्न में कैबिनेट मंत्री महेश जोशी पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, मेयर मुनेश गुर्जर, गिरिराज गर्ग, सीताराम नेहरू सहित कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए और नारेबाजी की।

## सांगानेर से निकालेगी पदयात्रा

# सरकार ने पलटा फैसला, अब नहीं होंगे शहर के दो टुकड़े

बेधड़क | जयपुर

राज्य सरकार ने शुक्रवार को नए जिलों का गठन कर दिया है। नए गठन में जयपुर शहर को दो भागों में नहीं बांटने पर शहरवासियों ने प्रसन्नता जताई है। शहर को एक ही रखने पर जल्द आमेर से सांगानेर तक की पैदल यात्रा निकाली जाएगी।

भाजपा नेता सुनील कोठारी ने जयपुर को एक रखने के लिए 'म्हारो जैपुर-प्यारो जयपुर' अभियान भी चला रखा था। इस अभियान को पूरे जयपुरवासियों का समर्थन मिला और ये एक बड़ा जनआंदोलन बन गया। आज जयपुर शहर के टुकड़े नहीं होना इसी बात का प्रमाण है कि राजस्थान सरकार के जयपुर शहर को जयपुर उत्तर और जयपुर दक्षिण जिले में बांटने के निर्णय को वापस लेना पड़ा। उन्होंने बताया कि 'म्हारो जैपुर-प्यारो जयपुर' के तत्वावधान में हमें चाहिए जयपुर एक आंदोलन में शहर के सभी वर्ग, विचारधारा से जुड़े, क्षेत्रों और समाज के लोग जुड़कर लड़ें। सभी ने शहर के इतिहास, संस्कृति, विरासत नहीं बटे, इसके लिए बड़े स्तर पर समर्थन दिया। कैंडल मार्च निकाला गया। जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दिया। इन आयोजनों में शहर के प्रभुत्व लोग जुड़े, जिससे सरकार को अपना फैसला बदलना पड़ा।

### महालक्ष्मी मंदिर में महाआरती



*जयपुर। चांदी की टकसाल स्थित प्राचीन महालक्ष्मी मंदिर में महंत राजेंद्र शर्मा के सानिध्य में शुक्रवार की शाम 101 दीपकों, शंख, झांझ, मंजीरों से महाआरती की गई।* **फोटो-पंकज शर्मा**

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## भट्टा बस्ती में मुस्लिम समाज का प्रदर्शन

# सरकार असगर के परिजन को दे एक करोड़ और सरकारी नौकरी

बेधड़क | जयपुर

जयपुर-मुम्बई एक्सप्रेस में आरपीएफ कांस्टेबल की गोलाबारी में मारे गए जयपुर के भट्टा बस्ती इलाके निवासी मो. असगर के परिजन को एक करोड़ रुपए मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग करते हुए भट्टा बस्ती में शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोग सड़क पर इकट्ठा हुए और मृतक के परिजन को न्याय दिलाने की मांग करने लगे। प्रदर्शन में विधायक रफीक खान भी पहुंचे थे। मो. असगर अपने परिवार में कमाने वाला एकमात्र आदमी था। उसके जाने के बाद उसकी पत्नी और पांच बच्चों का जीवन पर संकट आ गया। न रेलवे विभाग, ना ही केन्द्र सरकार और ना ही राज्य सरकार ने पीड़ित परिवार की अभी तक सुध ली है।



## जयपुर शहर कांग्रेस की वर्तमान कार्यकारिणी भंग

# नई कार्यकारिणी में 30% होंगी महिलाएं

बेधड़क | जयपुर

जयपुर शहर कांग्रेस की वर्तमान कार्यकारिणी भंग कर दी गई हैं। विधानसभा चुनावों से पहले नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष आरआर तिवाड़ी अब नए सिरे से नए नामों के साथ कार्यकारिणी बनाएंगे। तिवाड़ी ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर इसी माह नई कार्यकारिणी के गठन की घोषणा की है।

जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए तिवाड़ी ने कहा कि नई कार्यकारिणी में सभी वर्गों को जगह दी जाएगी। इनमें 30 फीसदी महिलाओं को भी जिला कांग्रेस कार्यकारिणी में शामिल किया जाएगा। इसमें इंदिरा गांधी के समय 21 वर्ष की उम्र में जेल भरो आंदोलन में एक माह तक जेल जाकर आए और उस समय जेल में जाने वाले साथियों को भी जिला कांग्रेस कार्यकारिणी में जगह दी जाएगी। तिवाड़ी ने बताया कि ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष बन चुके हैं। वार्ड अध्यक्ष जल्द बनाए जाएंगे। किशनपोल और बगरू विधानसभा क्षेत्र में बूथ कमेटियां बना दी गई। वहीं 6 विधानसभा सीटों पर बूथ कार्यकारिणी बनाने का काम चल रहा है। इस दौरान तिवाड़ी ने कांग्रेस सरकार की योजनाओं और कामकाज को बताते हुए भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि इस बार राज नहीं रिवाज बदलेगा। तिवाड़ी ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि राजस्थान में भाजपा की सबसे लोकप्रिय चेहरा वसुंधरा राजे हैं, लेकिन भाजपा के लोग राजे से दोयम दर्जे का व्यवहार कर रहे हैं।



## CM गहलोत करेंगे प्रतियोगिता का उद्घाटन

# SMS स्टेडियम में आज से शुरू होगा शहरी-ग्रामीण खेलों का महाकुंभ

बेधड़क | जयपुर

राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सवाई मानसिंह स्टेडियम में करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेल राज्य मंत्री अशोक चांदना करेंगे।

उद्घाटन समारोह का शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा ध्वजारोहण से होगा। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान एवं ग्रामीणों द्वारा कबड्डी मैच भी खेला जायेगा। खेल विभाग के शासन सचिव नरेश कुमार ठकराल ने बताया कि 5 अगस्त से 18 सितंबर तक आयोजित होने वाले राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेलों में 7-7 खेल स्पर्द्धाएं प्रस्तावित हैं।



### 130 करोड़ होंगे खर्च

ठकराल ने बताया कि इन खेलों में कुल 58.51 लाख खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जिसमे ग्रामीण खेलों में 46 लाख 12 हज़ार 365 एवं शहरी खेलों में 12 लाख 38 हज़ार 267 रजिस्ट्रेशन हुए हैं। इस आयोजन में 11 हजार 252 पंचायतों एवं 535 नगर निकायों में एक साथ यह खेल आरंभ होंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा वर्ष 2023-2024 की अनुपालना में राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए 130 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है।

### निगमों में 15-15 क्लस्टरों का गठन

जयपुर ग्रेटर नगर निगम में जोनवार 15 क्लस्टरों का गठन किया है। इनमें 1781 टीमों का ऑनलाइन गठन किया है। इसके तहत 18 हजार 457 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। ग्रेटर क्षेत्र में 12 खेल मैदानों पर ओलंपिक करवाए जा रहे हैं। हेरिटेज नगर निगम में जोनवार 15 क्लस्टर बनाए गए हैं। खेलों के लिए 1300 टीमें बनाई गई हैं। इनमें 11 हजार 795 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। हेटिरेज निगम क्षेत्र में 14 खेल मैदान बनाए गए हैं।

### क्रिकेट में सबसे ज्यादा रजिस्ट्रेशन

शहरी ओलंपिक में टेनिस बॉल क्रिकेट में सर्वाधिक 15 हजार 821 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। वहीं, सर्वाधिक 6 हजार 535 महिला खिलाड़ी खो-खो में अपने हुनर एवं कौशल का प्रदर्शन करेंगी। इनमें टेनिस बॉल क्रिकेट, एथेलेटिक्स 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केट बॉल आदि खेल होंगे। ग्रामीण ओलंपिक में पंचायत स्तरीय प्रतियोगिताएं 4 दिन, ब्लॉक स्तरीय 5 दिन, जिला स्तरीय 3 दिन और राज्य स्तरीय 4 दिन आयोजित होंगी, वहीं शहरी ओलंपिक के तहत पालिका स्तरीय प्रतियोगिताएं 6, जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 3 दिन एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 4 दिन आयोजित होंगी।

### ये होंगी प्रतियोगिताएं

ग्रामीण ओलंपिक में कबड्डी (बालक/बालिका वर्ग), शूटिंग बॉल (बालक वर्ग), टेनिस बॉल क्रिकेट (बालक/बालिका वर्ग), खो-खो (बालिका वर्ग), वॉलीबॉल (बालक/बालिका वर्ग), फुटबॉल (बालक/बालिका वर्ग) और रस्साकशी (बालिका वर्ग) स्पर्द्धाएं होंगी। शहरी ओलंपिक में कबड्डी (बालक/बालिका वर्ग), टेनिस बॉल क्रिकेट (बालक/बालिका वर्ग), खो-खो (बालिका वर्ग), वॉलीबॉल (बालक/बालिका वर्ग), एथलेटिक्स (100 मी. 200 मी. एवं 400 मी.), फुटबॉल (बालक/वर्ग), बास्केटबॉल (बालक/बालिका वर्ग) स्पर्द्धाएं होंगी।

**जरूरी खबर**

### कोर्ट के फैसले पर कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी



**अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि सत्यमेव जयते भारत देश की पहचान है, सच्चाई और न्याय की जीत हुई है। राहुल गांधी के पक्ष में आए इस फैसले के बाद अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मालाखेड़ा और उमरैण ब्लॉक में कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। मालाखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सावित्री मीना और उमरैण ब्लॉक अध्यक्ष जफरू खान आदि ने खुशी जताई।

### लोक परिवहन व रोडवेज में टक्कर, 15 घायल

**दौसा।** जिले में लोक परिवहन की बस ने आगे चल रही रोडवेज बस को टक्कर मार दी। हादसे में करीब 15 लोग घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए दौसा के रामकरन जोशी अस्पताल भर्ती करवाकर इलाज किया गया है। बताया जा रहा है कि लोक परिवहन और राजस्थान रोडवेज दोनों की बसें जयपुर की तरफ से आ रही थीं। इस दौरान लोक परिवहन ने रोडवेज बस को पीछे से टक्कर मार दी। लोक परिवहन बस में मौजूद सवारियों ने बताया कि वह लोग लोक परिवहन में बैठकर जयपुर से दौसा होते हुए आगे जा रहे थे। सिविल लाइन इलाके में लोक परिवहन बस अनियंत्रित होकर रोडवेज बस में घुस जाने से हादसा हुआ।

### शहर विधायक ने किया प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह स्वागत



**अलवर।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह के अलवर आगमन पर शहर विधायक संजय शर्मा के नेतृत्व हनुमान सर्किल पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर व पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने अरुण सिंह के समर्थन में जिंदाबाद के नारे लगाए। स्वागत कर्ताओं में प्रमुख रुप से विधायक मनजीत चौधरी, सुरेश मेहता घनश्याम गुर्जर, जितेंद राठौड़ देशराज, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सैनी हरीश अरोड़ा रवि यादव मनोज चौहान, पार्षद विष्णु शंकर शर्मा सुरजीत भमलोत शीला जांगिड़ अरुण जैन रामअवतार शर्मा, सुनील चौधरी देवेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

**दूसरे दिन गंगापुरसिटी में पहुंची यात्रा, राजस्थान सरकार की नीतियों पर खड़े किए सवाल**

# भारी बरसात में भी नहीं थमी एबीवीपी की 'न्याय पदयात्रा'

**बेधड़क** | गंगापुरसिटी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से राजस्थान में हो रहे महिला उत्पीड़न, भ्रष्टाचार व पेपर लीक जैसी समस्याओं के विरोध में निकाली जा रही 'न्याय पदयात्रा' शुक्रवार को दूसरे दिन जारी रही।




तेज बारिश के बावजूद कार्यकताओं में उत्साह की कमीं नहीं हुई और सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने 'कुडगांव' से चलकर सलेमपुर के रास्ते 'गंगापुर सिटी' तक की दूरी को तय किया। शाम को गंगापुर सिटी स्थित सब्जी मंडी में 'छात्र सभा' का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान सरकार की नीतियों पर सवाल खड़े किए। गौरतलब है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 3 अगस्त से इस 'न्याय पदयात्रा' राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल के नेतृत्व में करौली से प्रारंभ की है जो 10 अगस्त को 'राजस्थान विश्वविद्यालय' में समाप्त होगी। एबीवीपी पदाधिकारियों का कहना है कि भ्रष्ट नेताओं के चलते आज प्रदेश दुष्कर्म, पेपर लीक, महिला संबंधित अपराधों में प्रथम स्थान पर है। शुक्रवार को भी मूसलाधार बारिश के बावजूद भारी संख्या में युवाओं ने सह-यात्री के रूप में सरकार द्वारा किए जा रहे अन्याय के विरुद्ध 'न्याय पदयात्रा' में सम्मिलित प्रतीकात्मक रूप में आवाज उठाई है। जिसके परिणामस्वरूप मार्ग में आम-जन एवं विभिन्न समुदायों का इस न्याय यात्रा का भरजोर समर्थन प्राप्त हो रहा है। आयोजित छात्र-सभा में अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री होशियार सिंह मीणा समेत अन्य वरिष्ठ दायित्ववान कार्यकर्ताओं ने सभा को संबोधित किया।

### बेटी और रोटी सुरक्षित नहीं: मीणा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री होशियार मीणा ने कहा कि," राजस्थान में हर तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त है, इससे आम नागरिक के लिए जीवकोपार्जन बेहद दुर्लभ हो रहा है। राजस्थान सरकार मंत्रिमण्डल में ही जब इन भयावह स्थितियों के सूत्रधार मौजूद हों, उस प्रदेश में सुदृढ़ कानून व्यवस्था का सपना बस सपना ही रहेगा। प्रदेश में बेटी और रोटी दोनों ही सुरक्षित नहीं है, इसकी जिम्मेदार प्रदेश सरकार है। आम आदमी के रहने हेतु मूलभूत व्यवस्थाओं को उपलब्ध कराने में भी सरकार की उदासीनता दिखाई पड़ती है। जिस प्रशासन में नीति बनाने वाले ही बलात्कारी हों, उनसे प्रदेश की बेटियों और सुशासन की उम्मीद करना बेकार है।"

### पेपर-लीक प्रदेश: जैमन

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जयपुर प्रांत के प्रांत मंत्री शौर्य जैमन ने कहा कि," यह बेहद शर्मनाक विषय है कि जो प्रदेश कभी 'बलिदानियों और सूरवीरो की भूमि' रहा है, वहीं से आज सबसे ज्यादा बलात्कार की घटनाएं सामने आ रहे हैं। राजस्थान को आज 'पेपर-लीक प्रदेश' कहना भी गलत नहीं होगा, यहां वर्ष में औसतन 3 बार पेपर लीक की घटना सामने आती है। कानून व्यवस्था को भ्रष्ट सरकार पहले ही द्वारा पोषित और संरक्षित माफियाओं और अपराधियों ने अपाहिज बना दिया है। आम आदमियों की आवाजों को इस प्रकार दबाया जाएगा तो वह सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे।

**ड्रोन से पाकिस्तान ने फिर भेजी नशे की बड़ी खेप**

# श्रीगंगानगर में BSF की कार्रवाई 53 करोड़ की हेरोइन जब्त की

**बेधड़क** | श्रीगंगानगर

राजस्थान से सटे बॉर्डर इलाकों में तस्करी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। पड़ौसी देश पाकिस्तान ने एक बार फिर बॉर्डर से सटे इलाकों में नशे की तस्करी के लिए ड्रोन के जरिए हेरोइन की बड़ी खेप भेजी। लेकिन, बीएसएफ के जवानों ने पाकिस्तान के मनसूबों पर पानी फेर दिया है। श्रीगंगानगर से लगी भारत-पाक बॉर्डर पर बीएसएफ के जवानों ने शुक्रवार तड़के कुल 10.85 किलो हेरोइन बरामद की है। हेरोइन की कीमत अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में करीब 53 करोड़ रुपए बताई गई है।

अधिकारियों ने बताया कि देर रात श्रीगंगानगर से लगी भारत-पाक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के अंदर एक ड्रोन घुस आया। जिस पर श्रीकरणपुर सेक्टर में तैनात बीएसएफ के जवानों ने मोर्चा संभाला और ड्रोन को निशाना बनाकर फायरिंग शुरू कर दी। लेकिन इससे पहले ही ड्रोन वापस पाकिस्तानी क्षेत्र में घुस गया। ऐसे में सेना के जवानों आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

**चार पैकेटों में भेजा गया था 10.85 KG मादक पदार्थ**





### रात में तीन पैकेट्स और सुबह एक मिला

उन्होंने बताया कि रातभर चले सर्च ऑपरेशन के दौरान सेना के जवानों ने पीली टेप से लिपटे हेरोइन के 3 पैकेट्स बरामद किए। शुक्रवार तड़के एक पैकेट्स और मिला। चारों पैकेट्स से कुल 10.85 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। संबंधित एजेंसी को हेरोइन सौंप दी गई।

### पिछले महीने ही पकड़ी थी 2.30 किलो हेरोइन

गौरतलब है कि ऐसी घटना पहली बार नहीं है, जब पाकिस्तान ने ऐसे हिमाकत की है। बॉर्डर से सटे इलाकों में ड्रोन के जरिए पाकिस्तान लगातार नशे की तस्करी करने में लगा हुआ है। लेकिन, राजस्थान फ्रंटियर बीएसएफ के महानिरीक्षक पुनीत रस्तोगी के निर्देशन में जवानों की सतर्कता से पाकिस्तान की कोशिश नाकाम होती दिख रही है। हाल ही में 20 जुलाई को भी सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने रायसिंहनगर से लगी भारत-पाक अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर भी पाकिस्तानी ड्रोन पर फायरिंग कर पाकिस्तानी ड्रोन और 2.30 किलोग्राम हेरोइन बरामद की थी।

**पीड़िता ने सुसाइड का प्रयास**

# एक आरोपी गिरफ्तार, पीड़िता अस्पताल में भर्ती



**बेधड़क** | डूंगरपुर

जिले के दोवड़ा थाना क्षेत्र में 2 दिन पूर्व 10वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा से गैंगरेप के मामले में शुक्रवार को नाबालिग पीड़िता ने सुसाइड करने का प्रयास किया। वहीं मामले में एक ओर नया मोड़ आया है। पुलिस ने एक आरोपी बॉयफ्रेंड गणेश (20) को गिरफ्तार को किया है। उसने पुलिस को बताया कि नाबालिग ने पिता के डर से झूंठी कहानी रची है। उसके साथ गैंगरेप नहीं किया गया। नाबालिग और उसके बीच कथित प्रेम संबंध थे।

नाबालिग उसके साथ बाइक पर बैठकर जंगल की तरफ गई थी, वहीं पर उसने उसके साथ रेप किया था। मामले में तीन आरोपी युवक और नहीं थे। वहीं 15 साल की नाबालिग पीड़िता ने घर के पीछे ही एक पेड़ पर अपने दुपट्टे का फंदा बनाकर लटक गई। परिजनों ने उसे गंभीर हालत में डूंगरपुर हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती करवाया है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। इससे पहले काफी देर तक बेटी के घर नहीं पहुंची तो परिवार के लोग उसे ढूंढते रहे। बेटी को घर के पीछे पेड़ पर फंदे पर लटकते हुए देखकर परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने तुरंत बेटी को फंदे से नीचे उतारा और डूंगरपुर हॉस्पिटल लेकर आए।

हॉस्पिटल के आईसीयू वार्ड में भर्ती कर डॉक्टरों ने इलाज शुरू कर दिया। जहां पर पीड़िता की हालत काफी नाजुक बनी हुई है। वहीं घटना की सूचना पर दोवड़ा थाना पुलिस, डीएसपी रतनलाल चावला हॉस्पिटल पहुंचे। वहीं एसपी कुंदन कवरिया भी हॉस्पिटल पहुंकर बच्ची की हालत के बारे में जानकारी ली।

**वीसीआर नहीं भरने की एवज में ली घूस**

# तीन लाइनमैन को 5-5 हजार रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**बेधड़क** | सवाई माधोपुर

एसीबी की टीम ने बीती रात भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए खण्डार इलाके में बिजली निगम के तीन लाइनमैनों को 13 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।



एसीबी के एएसपी सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि लक्ष्मीनारायण जाट निवासी मोरोज ने एसीबी कार्यालय में बिजली निगम के 3 लाइनमैनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया था कि उसकी डीपी की वीसीआर नहीं भरने और डीपी ट्रांसफर करने की एवज में 3 लाइनमैन पांच-पांच हजार रुपए की रिश्वत मांग रहे हैं। इस पर एसीबी की टीम ने गुरुवार को दिन में शिकायत का वेरिफिकेशन कराकर ट्रैप के लिए जाल बिछाया और गुरुवार रात को एसीबी की टीम ने खण्डार में कार्रवाई करते हुए आरोपी लाइनमैन नरसी लाल बैरवा, भीमसिंह जाटव को 5-5 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

साथ ही एसीबी ने आरोपी लाइनमैन जितेन्द्र कुमार सैनी को 3000 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी के एएसपी सुरेंद्र शर्मा ने बताया ने बताया कि खण्डार थाना इलाके सहित बिजली निगम में भ्रष्टाचार की काफी गंभीर शिकायतें मिल रही हैं।

**सब्जी पकाते समय मंडावर नगर पालिका में हादसा**

# इंदिरा रसोई में फटा कुकर, तीन घायल

**बेधड़क** | दौसा

जिले की मंडावर नगर पालिका में संचालित इंदिरा रसोई में शुक्रवार सुबह इंदिरा रसोई में प्रेशर कुकर ब्लास्ट हो गया। इससे इंदिरा रसोई में कुकर ब्लास्ट होने से 3 महिलाएं घायल हो गईं।





मामले के अनुसार इंदिरा रसोई में मंडावर की सतानंद कॉलोनी निवासी महिला रामदेई पत्नी जगदीश सैनी, गोमा पत्नी अशोक सैनी व गुड्डी पत्नी दीपचंद सैनी खाना पकाने का काम कर रही थी। एक महिला ने प्रेशर कुकर में सब्जी चढ़ा दी। काफी देर तक प्रेशर कुकर में सीटी नहीं आई। इंदिरा रसोई संचालक रसोई के बाहर लगे काउंटर पर बैठा था। उस वक्त रसोई में एक-दो लोग ही थे। सुबह 9 बजे अचानक प्रेशर कुकर तेज धमाके से ब्लास्ट हो गया। ढक्कन के टुकड़े उछलकर महिलाओं को लगे। तीनों महिलाएं मामूली रूप से घायल हो गईं। जिन्हें मंडावरा हॉस्पिटल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों महिलाओं को छुट्टी दे दी गई। इंदिरा रसोई से जबरदस्त धमाके की आवाज सुनाई दी और महिलाओं की चीख-पुकार मची तो बाहर बैठा संचालक और आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिलाओं को संभाला। धमाके से इंदिरा रसोई में लगा एलईडी टीवी भी दीवार से जमीन पर गिर पड़ा और टूट गया।

सूचना पर पहुंची मंडावर थाना पुलिस ने घटनाक्रम की जानकारी लेकर घायल महिलाओं को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। गौरतलब है कि पिछले दिनों जयपुर के झोटवाड़ा इलाके में प्रेशर कुकर फटने से 47 साल की महिला की दर्दनाक मौत हो गई थी। इस घटना के बाद भी दौसा की इंदिरा रसोई संचालक ने सुधार नहीं किए।

**एक नाबालिग हिरासत में, डयूटी अधिकारी निलंबित**

# भीलवाड़ा मामले की सुनवाई फास्ट ट्रेक में, होगी एफएसएल जांच

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा के कोटड़ी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म के बाद उसके शरीर को कोयला बनाने वाली भट्टी में डालने के मामले में मुख्य आरोपी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है और एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।



पुलिस अधीक्षक आदर्श सिद्धू ने बताया कि इस तरह का केस 'दुर्लभतम' श्रेणी में आता है और हम पूरा प्रयास करेंगे कि इस मामले में आरोपियों को फांसी की सजा मिले क्योंकि जितना जघन्य अपराध यह हुआ था उसी के तहत उतनी ही कठोर सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फास्ट ट्रैक अदालत में मामले का अनुसंधान देकर चालान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद कर लिया गया है।

यह एफएसएल की जांच के बाद ही तय हो पाएगा कि क्या जब नाबालिग को भट्टी में डाला गया तो वह जीवित थी या नहीं। उन्होंने कहा आरोपियों से पूछताछ और जांच के साथ हमारे पास सांइटिफिक डाटा आ गया है, और उसमें सामूहिक दुष्कर्म की जांच की जा रही है।' उन्होंने कहा कि मामले में आरोपियों की पत्नियां शामिल थी। पूरे मामले में उनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया नाबालिग लड़की पहले से आरोपियों की परिचित थी। उन्होंने बताया कि नाबालिग के जो अवशेष मिले हैं वो पूरी तरह से जले हुए हैं।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

एसपी ने बताया कि मामले में लापरवाही बरतने पर थाने में उस समय मौजूद ड्यूटी अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है और जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि किसी की गलती पाई गयी तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले कोटड़ी के वृत्ताधिकारी श्याम सुंदर बिश्नोई ने बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपी कान्हा (21), उसके भाई कालू (25), संजय (20), पप्पू (35) को गिरफ्तार किया गया है और एक नाबालिग हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी सहित चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि थाना कोटड़ी पर सूचना मिली कि घर से खेत पर बकरियां चराने गयी लड़की शाम तक वापस नहीं आई। तलाश के दौरान गांव वालों को खेतों में बच्ची की चप्पल मिलने पर पास में बसे डेरे के लोगों पर शंका हुई। डेरे के नज़दीकी कोयले की भट्टियों की जांच करने पर गुमशुदा बालिका का पहना हुआ सामान मिला।

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बनाई कमेटी

भीलवाड़ा में नाबालिग लड़की को भट्टी में जलाए जाने के मामले में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बनाई चार सदस्यीय समिति बनाकर राजस्थान भेजा है। समिति में सांसद सरोज पाण्डे, रेखा वर्मा, कांत कर्दम, लॉकेट चटर्जी को बनाया सदस्य बनाया है। नड्डा ने कहा राजस्थान में बढ़ता अत्याचार चिंता का विषय है।

### गहलोत चुनावों में मशगूल, अपराध रोकने में बेबस

वहीं इस मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने मीडिया से कहा, 'मुख्यमंत्री गहलोत 2023 के चुनावी तैयारी में मशगूल हैं और महिला अपराध रोकने में बेबस और लाचार नजर आ रहे हैं।'भाजपा की राष्ट्रीय सचिव अलका गुर्जर ने कहा कि राज्य में महिला असुरक्षा की पराकाष्ठा हो चुकी है और शासनप्रशासन आंखें मूंद कर बैठा है।

**इवेंट:** जेकेएलयू का ओरिएंटेशन कार्यक्रम रंग मस्ताना ग्रुप की परफोर्मेंस के साथ हुआ समाप्त

# नए स्टूडेंट्स को मोटिवेशन का हाई डोज दे विदा हुआ 'आरम्भ'

बेधड़क | जयपुर



जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी में बारह दिन से चल रहे ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'आरम्भ-2023' के अंतिम दिन शुक्रवार को रंग मस्ताना ग्रुप की वर्कशॉप की फाइनल परफोर्मेंस से स्टूडेंट्स का रोमांच चरम पर पहुंच गया।

जवाहर कला केन्द्र में आयोजित चार दिन की वर्कशॉप के फाइनल परफॉर्मेंस में स्टूडेंट्स ने मंझे हुए कलाकारों की तरह क्रिएटिव प्रस्तुतियां दी। ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिससे स्टूडेंट्स ने यूनिवर्सिटी के कल्चर को नजदीक से जाना। स्टूडेंट्स ने पांच किलोमीटर की मेराथन के साथ मार्ग में विभिन्न स्थानों पर फिटनेस का संदेश दिया। इसके बाद स्टूडेंट्स को मेराथन सर्टिफिकेट दिए गए। हेड ऑफ स्टूडेंट्स अफेयर दीपक सोगानी ने बताया कि दस दिन तक चले इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने विभिन्न आयोजनों, वर्कशॉप, थियेटर, फोटोग्राफी, आउटिंग एवं अन्य एक्टिविटीज के दौरान यूनिवर्सिटी के कल्चर को समझा और जमकर एन्जॉय किया।

उन्होंने बताया कि इस दौरान प्लांटेशन ड्राइव, आईआईआईटी जोधपुर के प्रोफेसर के साथ इंटरेक्शन के साथ ही डिजाइन फील्ड एक्सपर्ट्स समेत देश के नामचीन शिक्षण संस्थानों की विभिन्न शख्सियतों ने स्टूडेंट्स को संबोधित कर ओरिएंटेशन कार्यक्रम को परवान पहुंचाया।

### ओवरऑल रूटीन पर रहा फोकस

कार्यक्रम के दौरान सुबह योग, शाम को क्लब एक्टिविटी, रनिंग प्रोग्राम और आउटिंग सरीखे कार्यक्रमों ने स्टूडेंट्स के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम को यादगार बना दिया। विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान यूनिवर्सिटी के क्लब्स के सदस्यों एवं कॉर्डिनेटर ने विभिन्न आयोजनों का संयोजन किया। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. धीरज सांघी ने सभी स्टूडेंट्स को ओरिएंटेशन के समापन के बाद पूरी शिद्दत के साथ अपने लक्ष्य में जुट जाने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि आप ठान लें तो कुछ भी असंभव नहीं है। इस दौरान स्टूडेंट्स ने स्वयं को अपने आगामी लक्ष्यों को लेकर एक पत्र भी लिखा, जो कि उनके डिग्री कंपलीट होने के बाद ग्रेजुएशन सेरेमनी के दौरान यूनिवर्सिटी उन्हें देगी।

## Yuva स्टोरीज




**अर्णव हैड बॉय, काजल बनीं हैड गर्ल |**

**जयपुर।** करतारपुरा स्थित वॉरेन अकादमी स्कूल में नव नियुक्त स्टूडेंट लीडर्स ने शपथ ली। स्कूल में शुक्रवार को 'वॉरेन प्रिफेक्टोरियल काउंसिल 2023-2024' का आयोजन किया गया। स्कूल प्रिंसिपल कल्पना कौल ने सेरेमनी में कार्यक्रम में विभिन्न पदों पर चयनित स्टूडेन्ट्स के नामों की घोषणा की। इस अवसर पर प्रिंसिपल ने प्रिफेक्टोरियल काउंसिल के लिए चयनित सदस्यों को उनके कर्तव्यों और दायित्वों से अवगत कराया। साथ ही उन्हें अपने उत्तरदायित्वों को भलीभांति निभाने और हर परिस्थिति में स्कूल की मर्यादा व गरिमा बनाए रखने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर प्रिंसिपल एवं सीनियर टीचर्स ने उन्हें बैज प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए स्कूल डायरेक्टर अरुण सोगानी और अमित सोगानी ने कहा कि काउंसिल में चयनित स्टूडेन्ट्स को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, जो स्टूडेंट्स को उनकी असीम क्षमताओं व योग्यताओं से परिचित कराएंगी और उनकी पर्सनलिटी के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होंगी। प्रिफेक्टोरियल काउंसिल के अन्य डिजिग्नेशन होल्डर्स के साथ 12वीं के अर्णव जैन और काजल नरयानी को क्रमशः स्कूल के हैड बॉय एवं हैडगर्ल के रूप में शपथ दिलवाई गई। वहीं 11वीं के अंश शर्मा और प्रांजल शर्मा को क्रमशः स्कूल के वाईस हैड बॉय और वाईस हैड गर्ल के रूप में शपथ दिलवाई गई।



**100 करोड़ से चमकेगी एंटरप्रेन्योर्स की किस्मत |**

**जयपुर।** जयपुर के युवा अब अपने ही शहर में अपने ख्वाबों को पंख दे पाएंगे। इसकी शुरुआत स्टार्टअप एक्सीलरेटर में शामिल मारवाड़ी कैटेलिस्ट करने जा रहे हैं। जयपुर की डॉ. श्वेता चौधरी अपने अनुभवों से शहर और प्रदेश के युवाओं को आगे लेकर जाएंगी और स्टार्टअप इकोसिस्टम में नारी शक्ति को बढ़ाएंगी, क्योंकि स्टार्टअप इकोसिस्टम में बढ़ोतरी होने के बाद भी लैंगिक भेदभाव की चुनौती बरकरार है। उन्होंने कहा कि मैं महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए मारवाड़ी कैटेलिस्ट के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं। महिलाओं के लिए उद्यमिता सिर्फ एक लक्ष्य नहीं जीवन की अनिवार्यता होनी चाहिए। मारवाड़ी कैटलिस्ट फाउंडर सुशील शर्मा ने बताया कि 100 करोड़ के फंड की घोषणा की है। 2 से 3 साल में फंड अलग-अलग पैरामीटर्स में दिया जाएगा। इसके लिए एप्लीकेशन देकर एप्लाई किया जा सकता है। कमेटी आवेदकों को परखेगी और विभिन्न मापदंडों के आधार पर पार्टली सपोर्ट किया जाएगा। साथ ही हम एक ऐसा माहौल तैयार कर रहे हैं, जिसमें महिला स्टार्टअप संस्थापक आगे बढ़ सकें।




**वरिष्ठ अध्यापक विज्ञान की विचारित सूची जारी |**

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने माध्यमिक शिक्षा वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा-2022 के विज्ञान विषय के पदों के लिए पात्रता की विचारित सूची जारी कर दी है। आयोग की ओर से यह परीक्षा 24 दिसंबर 2022 व 29 जनवरी 2023 को आयोजित की गई थी। आयोग ने नॉन टीएसपी क्षेत्र के लिए 1480 व टीएसपी क्षेत्र के लिए 64 अभ्यर्थियों की विचारित सूची निकाली है। आरपीएससी से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह सूची केवल दस्तावेज सत्यापन के लिए है, यह अंतिम चयन सूची नहीं है। अंतिम रूप से सफल अभ्यर्थियों की सूची दस्तावेज सत्यापन के बाद जारी की जाएगी। दस्तावेज सत्यापन काउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा। आरपीएससी ने सूची में शामिल अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन पत्र भरकर काउंसलिंग में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। आयोग के मुताबिक अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच विज्ञापन की शर्तों के अनुसार की जाएगी। पात्रता की शर्तें पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता आयोग की ओर से रद्द कर दी जाएगी व पात्र अभ्यर्थियों में से ही मुख्य चयन सूची व आरक्षित सूची जारी की जाएगी।

**एमएनआईटी में ओरिएंटेशन प्रोग्राम**

# इन्फोर्मेशन व एंटरटेनमेंट के साथ नए सफर का आगाज

बेधड़क | जयपुर



एमएनआईटी का कैंपस शुक्रवार को नए स्टूडेंट्स के जोश और उत्साह से गुलजार रहा। संस्थान में चल रहे तीन दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दूसरे दिन शुक्रवार को विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए नए स्टूडेंट्स को कैंपस से फैमिलियर करने और उनकी स्किल्स निखारने की एक्टिविटीज की गईं। यूजी व एमबीए कोर्सेज में प्रवेश लेने वाले 600 से अधिक स्टूडेंट्स के लिए विभिन्न मनोरंजक व ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए गए।

इनमें अलग अलग क्षेत्रों के एक्सपर्ट्स ने स्टूडेंट्स से इंटरेक्शन कर उनकी जरूरतों को समझा और उन्हें फ्यूचर के लिए तैयार किया। मेंटल, फिजीकल व एजुकेशनल एक्टिविटीज के जरिए स्टूडेंट्स के ओवरऑल डवलपमेंट पर जोर दिया गया। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित ओरिएंटेशन समारोह व पैनल चर्चा में स्टूडेंट्स का उत्साह देखते ही बनता था।

इस अवसर पर आयोजित ओरिएंटेशन समारोह में नए स्टूडेंट्स व उनके पेरेंट्स ने भाग लिया। डायरेक्टर एनपी पाढ़ी और डीएसडब्ल्यू महेश कुमार जाट ने स्टूडेंट्स को संस्थान के बारे में, इसके शैक्षिक और संबंधित मुद्दों के बारे में, अतिरिक्त-शैक्षिक गतिविधियों, सुरक्षा और कॉलेज जीवन में आनेवाली चुनौतियों व अवसरों के बारे में छात्रों को संबोधित किया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स को संस्थान में चलने वाले विभिन्न क्लब्स की जानकारी दी गई।

**ये सत्र रहे खास**

### डिस्कवर योर X-फैक्टर

एसएमएस मेडिकल कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग की प्रमुख डॉ. जयश्री जैन और उनकी टीम ने स्टूडेंट्स का साइकोमेट्रिक मूल्यांकन किया। इससे स्टूडेंट्स को अपने व्यक्तित्व गुणों, शक्तियों, कमजोरियों और नेतृत्व क्षमता को समझने में मदद मिली। स्टूडेंट्स को तनाव प्रबंधन कौशल और सीखने की शैलियों में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान की गई।

### आओ जुड़ें

भावनात्मक प्रतिरोध क्षमता काउंसलर टीम ने इस सत्र में स्टूडेंट्स को उनकी भावनाओं को स्वीकार करने, तनाव को सकारात्मक ढंग से संघटित करने और स्ट्रेटेजी बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस काउंसलिंग सत्र का उद्देश्य भावनात्मक प्रतिरोध क्षमता और मानसिक समृद्धि को पोषित करना था।

### डिजिटल जेन

द सोशल थेरेपिस्ट के संस्थापक और लीड काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट शिरोमी चतुर्वेदी और काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट जेनिस जेम्स के नेतृत्व में यह एक डिजिटल वेलनेस सत्र था। इसमें स्टूडेंट्स को बताया गया कि कैसे अपने डिजिटल जीवन में संतुलन बनाया जाए, अपनी भलाई की रक्षा करते हुए जिम्मेदारी से प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाए।

### फिट एंड फैबुलस

न्यूट्रिसागा की संस्थापक डाइटीशियन डॉ. सुरभि पारीक ने इस सत्र में स्टूडेंट्स को शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नियमित व्यायाम, पौष्टिक खानपान और निवारक स्वास्थ्य के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने फिजिकल फिटनेस के टिप्स स्टूडेंट्स को बताए।

### जुड़ें और उन्नति करें

कॉर्पोरेट प्रशिक्षक लुईस मनोज अम्ब्रोस ने इस सत्र में स्टूडेंट्स को टीम निर्माण का प्रशिक्षण दिया। सहयोग, संवाद और समूह कार्यक्षमता जैसे अभ्यासों के माध्यम से मनन, संवाद और समुदाय की भावना को विकसित करने में स्टूडेंट्स की मदद की।

### हैप्पीनेस हब

एमएनआईटी के वेलनेस क्लब के स्टूडेंट्स ने हैप्पीनेस हब का नेतृत्व किया। इसमें खेल, आइस-ब्रेकिंग गतिविधियां और सेल्फी बूथ के साथ छात्रों को व्यक्तिगत अभिव्यक्ति और तनाव कम करने के लिए एक सृजनात्मक माध्यम प्रदान किया गया।

### योग से हुई शुरुआत

ओरिएंटेशन प्रोग्राम के तहत दिन की शुरुआत योग, ध्यान और एरोबिक्स के साथ हुई। यूजी और एमबीए बैचों के बीच सम्बन्ध को मजबूत करने के लिए आयोजित इन सत्रों में एक्सपर्ट्स ने स्टूडेंट्स को फिटनेस, मानसिक स्पष्टता और समुदाय की भावना का संदेश दिया। उत्साहपूर्ण वातावरण में स्टूडेंट्स ने सद्भाव के साथ ये गतिविधियां कीं। प्रतिभागियों ने विश्राम और प्राणायाम तकनीकों के माध्यम से योग का परिचय प्राप्त किया।

### एक्सपर्ट्स ने दिखाई राह

'माइंड टू मैटर: छात्रों के स्वास्थ्य और वेलनेस को सशक्त बनाना' विषय पर आयोजित चर्चा में पैनलिस्ट एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल व कंट्रोलर डॉ. राजीव बगरहट्टा, माइंडरूट के संस्थापक डॉ. डीएस पूनिया और 1001 कहानियों के संस्थापक प्रकाश शर्मा ने तनाव प्रबंधन व पढ़ाई के स्ट्रेस को कम करने की तकनीकों पर स्टूडेंट्स से बात की। 'जेंडर सेंसिटाइजेशन: अपना अधिकार और कर्तव्य जानें' विषय पर पैनल चर्चा में विशेषज्ञों ने इस मुद्दे पर स्टूडेंट्स को जागरूक किया। शनिवार को इंजीनियर्स के लिए कॅरियर के अवसरों पर एक पैनल चर्चा आयोजित की जाएगी।




**जागरुकता अभियान का समापन**

# छात्राओं को दिया सेफ सोशल मीडिया का संदेश

बेधड़क | जयपुर

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के टीचिंग-लर्निंग सेंटर की ओर से डॉ. सीबीएस साइबर फाउंडेशन, जयपुर एवं सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में 'सेफ सोशल मीडिया एंड डिजिटल पेमेंट' विषय पर एक माह चले जागरुकता अभियान का शुक्रवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के उप-प्राचार्य, राजेश कुमार ने कहा कि सेफ सोशल मीडिया महिलाओं के लिये महत्वपूर्ण है।

अभियान के दौरान कॉलेज छात्राओं को मोबाइल और अन्य गैजेट्स के सुरक्षित उपयोग के बारे में बताया गया जिससे व्यक्तिगत जानकारी गलत हाथों में न पड़े। कार्यक्रम में सेवानिवृत आईपीएस ऑफिसर एवं डॉ. सीबीएस साइबर फाउंडेशन, जयपुर के संस्थापक डॉ. सी बी शर्मा ने बताया कि एक माह तक चले इस अभियान में करीब 100 शिक्षिकाएं एवं करीब 1800 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से महाविद्यालय के विभिन्न संकायों की छात्राओं को कक्षावार बैच बनाकर जागरूक किया गया।

छात्राओं के उत्साह को देखते हुए महाविद्यालय में इस अभियान को आगे भी चलाया जाता रहेगा। महाविद्यालय निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने इस अभियान के उद्देश्य के बारे बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए हम सभी को साइबर सुरक्षा के प्रशिक्षण की आवश्यकता है, यह एक शुरुआत है।

मुख्य अतिथि राजेश कुमार ने महाविद्यालय प्राचार्य को स्मृति चिन्ह भेंट कर अभियान में सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया। अभियान की गतिविधियों की रिपोर्ट डॉ. मोहिता चतुर्वेदी ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम संचालन डॉ. टीना सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रीमा श्रीवास्तव ने किया।

**काउंसलिंग** | **राजस्थान स्टेट नीट यूजी प्रथम राउंड का प्रोविजनल सीट अलॉटमेंट जारी**

# SMS मेडिकल कॉलेज फर्स्ट, करौली कॉलेज लास्ट चॉइस

बेधड़क | कोटा/जयपुर

राजस्थान स्टेट काउंसलिंग कमेटी ने राजस्थान के मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए राज्य स्तरीय काउंसलिंग के प्रथम राउंड का प्रोविजनल सीट अलॉटमेंट शुक्रवार दोपहर जारी कर दिया।

गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में सवाई मान सिंह मेडिकल (एसएमएस) कॉलेज जयपुर सभी कैंडिडेट्स कि प्रथम चॉइस रहा तथा गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज करौली सबसे बाद की पसंद रहा। इस वर्ष करौली मेडिकल कॉलेज का प्रथम सत्र है।



### सेकंड राउंड में भी शामिल होने का है ऑप्शन

फाइनल सीट रिजल्ट्स डिक्लेरेशन के पश्चात कैंडिडेट 5 से 8 अगस्त के बीच ऑनलाइन अलॉटमेंट लेटर प्रिंट कर सकेंगे। यह स्वयं के लॉगिन ऑई डी तथा पासवर्ड से जेनेरेट होगा। इसके बाद अलॉटमेंट जारी होने के बाद सरकारी मेडिकल कॉलेज सीट प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स को 5 से 8 अगस्त के बीच एसएमएस मेडिकल कॉलेज के एकेडमिक ब्लॉक में अपने ओरिजिनल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थिति देनी होगी। सरकारी डेंटल, प्राइवेट मेडिकल एवं प्राइवेट डेंटल कॉलेज में सीट प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स को आरयूएचएस डेंटल कॉलेज में अपने ओरिजिनल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थिति देनी होगी। यदि कैंडिडेट अपने अलॉटेड कॉलेज से संतुष्ट नहीं है तो वह फ्री एग्जिट का ऑप्शन लेकर सेकंड राउंड अलॉटमेंट प्रक्रिया मे भी पुनः शामिल हो सकेगा।

### राज्य स्तरीय क्लोजिंग रैंक

| | |
|---|---|
| जनरल बॉयज - | 12714 |
| जनरल गर्ल्स - | 12682 |
| ओबीसी बॉयज - | 12985 |
| ओबीसी गर्ल्स - | 13039 |
| ईडब्ल्यूएस बॉयज- | 13785 |
| ईडब्ल्यूएस गर्ल्स - | 14439 |
| एमबीसी बॉयज- | 27374 |
| एमबीसी गर्ल्स - | 32686 |
| एससी बॉयज - | 83800 |
| एससी गर्ल्स - | 83787 |
| एसटी नॉन ट्राइबल बॉयज - | 89412 |
| एसटी नॉन ट्राइबल गर्ल्स- | 92659 |
| एसटी ट्राइबल बॉयज- | 297614 |
| एसटी ट्राइबल गर्ल्स- | 299353 |

### कॉमन काउंसलिंग क्लोजिंग रैंक

| | |
|---|---|
| जनरल बॉय - | 36314 |
| जनरल गर्ल्स - | 35584 |
| ओबीसी बॉयज - | 38159 |
| ओबीसी गर्ल्स - | 38668 |
| ईडब्ल्यूएस बॉय - | 41723 |
| ईडब्ल्यूएस गर्ल्स - | 43156 |
| एमबीसी बॉय - | 53878 |
| एमबीसी गर्ल्स - | 82308 |
| एससी बॉयज - | 254402 |
| एससी गर्ल्स - | 255481 |
| एसटी नॉन ट्राइबल बॉय - | 240812 |
| एसटी नॉन ट्राइबल गर्ल्स - | 241327 |
| एसटी ट्राइबल बॉय - | 975340 |
| एसटी ट्राइबल एरिया गर्ल्स - | 983450 |

## आतंकवादियों को मुहैया करा रहा है हथियार और बुनियादी सुविधा

# मणिपुर संघर्ष व चीन की भूमिका!




भूपेन्द्र भारतीय
स्वतंत्र टिप्पणीकार


> मणिपुर में उग्रवादी गुट इन्हीं हथियारों की मदद से हिंसा फैलाने की जानकारी मिल रही है। उग्रवादियों के कई कमांडरों के बारे में खुफिया जानकारी है कि वो चीन में छुपे हुए हैं। ऐसे में चीन की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। विगत दिनों जनरल (सेवानिवृत्त) नरवणे ने कहा, 'मुझे पूरा यकीन है कि जो लोग जिम्मेदार पदों पर आसीन हैं और आवश्यक कार्रवाई करने की जिनकी जवाबदेही है, वे बेहतर ढंग से अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। मणिपुर हिंसा में विदेशी एजेंसियों का हाथ होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

मणिपुर में मैतेई व कुकी जातियों का संघर्ष लंबे समय से चल रहा है। इसकी पृष्ठ भूमि 1968 के वर्ष से मानी जाती है। तब कांग्रेस सरकार ने कुकी जाति को आधिकारिक रूप से मणिपुर में बसाए जाने के लिए समर्थन व सुविधाएं उपलब्ध कराई थीं। इन दो जातियों के बीच का संघर्ष राज्य के लिए अशांति का बड़ा कारण है, लेकिन उसके पीछे विदेशी ताकतें काम कर रही हैं। ऐसा मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने भी कहा है और उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में चल रही हिंसा में चीन की भूमिका हो सकती है। उन्होंने कहा कि "विदेशी हाथ से इंकार नहीं किया जा सकता।" खुफिया एजेंसियों के सूत्रों से मिली एक्सक्लूसिव जानकारी के मुताबिक, मणिपुर समेत नार्थ ईस्ट (पूर्वोत्तर भारत) में सक्रिय उग्रवादियों को बड़ी संख्या में चीनी हथियार पहुंचाए जा रहे हैं। खुफिया एजेंसियों को शक है कि चीन के बने इन हथियारों का इस्तेमाल मणिपुर में आशांति फैलाने के लिए भी किया जा रहा है। इन तीन माह के संघर्ष के पहले भी मणिपुर में कई उग्रवादी संगठनों के तार चीनी एजेंसियों से जुड़े पाए गए हैं। उनसे चीनी हथियार भी पाए गए हैं। इन उग्रवादियों से जुड़े लोग चीन में जाकर प्रशिक्षण तक लेकर आए हैं और भारत के इस सुंदर प्रदेश को बड़ी हानि पहुंचाते रहे हैं। विश्व के अधिकांश देश जानते हैं कि चीन के अपने किसी भी पड़ोसी देश से अच्छे संबंध नहीं हैं। वह एक बिगड़ैल व विवादास्पद पड़ोसी देश है। ऐसे में मणिपुर संघर्ष व हिंसा में कम्युनिस्ट चीन का हाथ होना सामान्य सी बात है।

मीडिया खबरों की मानें तो खुफिया एजेंसियों से ऐसे चीनी हथियारों की एक्सक्लूसिव तस्वीरें मिली हैं, जिनका इस्तेमाल उग्रवादी गुट मणिपुर समेत पूर्वोत्तर भारत में हिंसा फैलाने के लिए कर रहे हैं। जानकारों के मुताबिक, देश के पूर्वोत्तर राज्यों में सक्रिय उग्रवादी गुटों के पास जिस तरह से चीनी हथियार पहुंच रहे हैं वो चिंता की बात है और मणिपुर हिंसा व संघर्ष में कम्युनिस्ट चीन की सीधी-सीधी भूमिका दिख रही है। मणिपुर में उग्रवादी गुट इन्हीं हथियारों की मदद से हिंसा फैलाने की जानकारी मिल रही है। उग्रवादियों के कई कमांडरों के बारे में खुफिया जानकारी है कि वो चीन में छुपे हुए हैं। ऐसे में चीन की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। विगत दिनों जनरल (सेवानिवृत्त) नरवणे ने कहा, 'मुझे पूरा यकीन है कि जो लोग जिम्मेदार पदों पर आसीन हैं और आवश्यक कार्रवाई करने की जिनकी जवाबदेही है, वे बेहतर ढंग से अपने काम को अंजाम दे रहे हैं। मणिपुर हिंसा में विदेशी एजेंसियों का हाथ होने से इनकार नहीं किया जा सकता। एक और बात जो मैं खासतौर पर कहूंगा कि विभिन्न उग्रवादी संगठनों को चीन की ओर से सहायता मिलती है। उग्रवादी संगठनों को चीन की मदद कई वर्षों से मिल रही है और यह अब तक जारी है।' साथ ही उन्होंने टिप्पणी की, मुझे यकीन है कि सरकार उत्तर-पूर्व क्षेत्र में अशांति पैदा करने में चीन की भूमिका से अवगत है। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कम्युनिस्ट चीन पर यह भी आरोप लगाया कि चीनी सेना पूर्वोत्तर के साथ-साथ पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को अस्थिर करने में सक्रिय है।



> अंतरराष्ट्रीय मामलों व सामरिक महत्व के विषयों की जानकारी रखने वालों में अधिकांश विशेषज्ञों को यह अच्छे से पता है कि उत्तर-पूर्व के कई संगठनों का चीन के साथ आंतरिक संबंध है। केवल एक मूर्ख ही इस बात पर विश्वास करेगा कि चीन उत्तर-पूर्व में इन सुरक्षा कमजोरियों का फायदा नहीं उठाएगा।

संयोग से कई दशकों से असम, नागालैंड व मणिपुर सहित उत्तर-पूर्व भारत के विभिन्न राज्यों में सक्रिय उग्रवादी म्यांमार में स्थित हैं। आरोप है कि चीनी जासूसी एजेंसी उत्तर-पूर्व क्षेत्र में आतंकवादियों को लगातार हथियार और बुनियादी ढांचा सहायता प्रदान कर रही है। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, चीन समर्थित उग्रवादी समूहों की सूची में कुकी नेशनल आर्मी, कुकी नेशनल फ्रंट, यूनाइटेड कुकी लिबरेशन फ्रंट शामिल हैं। इन सभी उग्रवादी संगठनों की हाल ही में मणिपुर में हुई सांप्रदायिक हिंसा में कथित तौर पर भूमिका थी। भारत की सेना के प्रमुख रहे जनरल नरवणे के इस बयान के गहरे अर्थ हैं कि चीन विगत छः दशकों से भारतीय सीमा में घुसपैठ करने में लगा हुआ है। भारत का बड़ा भूभाग अवैध रूप से व अंतरराष्ट्रीय निमयों का उल्लंघन करते हुए चीन के कब्जे में है। आए दिन चीन के सैनिकों की भारतीय सैनिकों से मुठभेड़ होती रहती है। कम्युनिस्ट चीन की इन्हीं हरकतों व चालों को देखते हुए मणिपुर हिंसा व संघर्ष में चीन की बड़ी भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता है। कई मीडिया रिपोर्ट्स व खुफिया एजेंसियों की खबरों की मानें तो मणिपुर में पिछले कई दिनों से जारी हिंसा में भी जिन हथियारों का इस्तेमाल किया गया है, उनमें से कई चीन में बने हथियार हैं। खुफिया एजेंसियों को शक है कि म्यांमार चीन बॉर्डर पर स्थित ब्लैक मार्केट से हथियारों को म्यांमार सीमा पर लाया जा रहा है, जहां से उन्हें मणिपुर में सप्लाई करने की साजिश होती रही है। यह तथ्य भी सभी जानते हैं कि इन दिनों म्यांमार पर लगभग कम्युनिस्ट चीन सरकार का गैर आधिकारिक नियंत्रण है और म्यांमार के कई क्षेत्रों पर चीन का कब्जा है जो कि भारत की सीमाओं से सीधे लगे हुए हैं। इन्हीं क्षेत्रों का गलत उपयोग कर चीन लंबे समय से इन क्षेत्रों में फैले उग्रवादियों को हथियार पहुंचाता रहा है और भारत की आंतरिक सुरक्षा व शांति को कमजोर करने का प्रयास करता रहा है। मणिपुर हिंसा व संघर्ष में भी यह सब साफ व सीधे-सीधे दिख रहा है। अंतरराष्ट्रीय मामलों व सामरिक महत्व के विषयों की जानकारी रखने वालों में अधिकांश विशेषज्ञों को यह अच्छे से पता है कि उत्तर-पूर्व के कई संगठनों का चीन के साथ आंतरिक संबंध है। केवल एक मूर्ख ही इस बात पर विश्वास करेगा कि चीन उत्तर-पूर्व में इन सुरक्षा कमजोरियों का फायदा नहीं उठाएगा। मणिपुर की दो जातियों के बीच संघर्ष का लाभ लेकर यहां कम्युनिस्ट चीन अपना उल्लू सीधा करने में लगा है और अपनी विस्तारवादी कूटनीति के माध्यम से भारत के पूर्वोत्तर राज्यों (भारत के पूर्वी द्वार) में अशांति फैला रहा है। ऐसे में हमारी सेना व खुफिया एजेंसियों को इसका मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए और कम्युनिस्ट चीन के षडयंत्र वाली भूमिका का अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुलासा करने के साथ-साथ पुरजोर विरोध भी करना चाहिए।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

### व्यंग्य

# जो करे जतन मनाने के




पूजा गुप्ता
व्यंग्यकार


मनाने के कारण जानने के लिए जरा मनाने के इन तरीकों पर भी गौर कीजिए। दक्षिण भारत में रूठी सहचारी को मनाने के लिए पति महोदय सुगंधित फूलों का एक गजरा घर ले आते हैं। सच मानिए पत्नी नरम दिल की हो तो गजरा न सही एकाध खूबसूरत फूल या छोटे गुच्छे में ही खुश हो जाती है। फूल का रिवाज न हो तो एकाध पान का बीड़ा ही सही या फिर सुगंधित पान मसाले की एक थैली या मूंगफली की चिक्की या फिर उसे जो पसंद हो जरूर लाकर दीजिए।

पति को मनाना हो तो शाम को उनका पसंदीदा खाना बनाकर रखें चाहे वह बैगन का भर्ता, करेले का जूस या सूजी की खीर ही क्यों न हो। हमारी एक सहेली ने तो एक बार चादर पर किशमिशों से "सॉरी" लिखकर रूठे पतिदेव को मना लिया था। पत्नी रूठ गई हो तो रात भर डबल बेड पर मीलों के फासले पर दोनों सोते रहे हो, तो क्या? सुबह उनसे पहले उठकर एक ट्रे में कायदे से चाय सजाकर ले जाएं और उन्हें जगाएं मैडम, चाय हाजिर है। वह न मान जाएं तो हमारा नाम नहीं। मनाने का एक अत्यंत रूमानी नुस्खा एक चुलबुली पत्नी ने यह आजमाया- कागज की छोटी-छोटी पर्चियों पर बड़ा-बड़ा 'सॉरी' लिखकर हर ऐसी जगह रख दिया या चिपका दिया, जहां उसके रूठे बलमा की निगाह पहुंच जाएं। तकिया पर, उनके तौलिए पर, उनके सेविंग मग पर, यहां तक कि उनकी उस दिन पहनी जाने वाली टाई और कोट पर भी टांक दिया। दस जगह खीस काढ़े "सॉरी" देखकर पतिदेव हटाकर हंसे बिना न रह सके। टीवी पर क्रिकेट मैच आ रहा हो तो घर के सब काम छोड़कर एक दिन पूरा उनका साथ दें, यानी पल्ले पड़े या न पड़े लेकिन क्रिकेट को गले में उतारें। कहते हैं, 'लव मी लव माय डॉग।' यानी मुझसे प्यार करने का प्रमाण यह है कि मेरे कुत्ते से भी प्यार करो। उस दिन क्रिकेट प्रेम जताकर आप अपने प्रेम का प्रमाण देकर अपने रूठे साजन को मना डालिए।

चलिए यदि घर में किसी प्रकार का पति पत्नी में झगड़ा हो गया हो तो उन्हें मनाने के लिए एक प्यारा सा माफीनामा लिखकर उन्हें दे दें और अंत में यह लाइन जरूर रहे-'तेरे जैसा यार कहां' पत्नी रुठ गई हो तो कहीं से उसे फोन करें। अजनबी से बनकर उसकी तारीफ करें, फ्लर्ट करें और जब एकदम चकित रह जाए तो कहे- 'अजी हम हैं आपके वहीं जानेमन।' इस ढोंग पर वह हंस न दे तो नुस्खा सफल समझो।

कई बार फोन से भी काम न चलने के बाद तो भाई! अपनी जेब ढीली कीजिए यानी उनके लिए एक सिल्की साड़ी या सलवार सूट या हाउसकोट खरीद डालिए। सिल्क की फिसलन पर वो जरूर फिसल जाएंगी। पतिदेव को मनाना हो तो सिल्क का एक कुर्ता पायजामा सेट कमाल दिखाएगा। आप पति हैं और पत्नी बहुत रूठी है तो एक अजूबा कर डालिए। लोकल पेपर में पत्नी के नाम एक छोटा माफीनामा छपवा दें। विज्ञापन की तरह छपे इस संदेश में नीचे अपना नाम न लिखें तो भी वे पहचान जाएंगी और मान जाएंगी। छुट्टी के दिन में एक रविवार का दिन अपनी पत्नी को दे डालिए यानी होटल से खाना मंगा कर एक दिन पत्नी महोदया को कामों से छुट्टी दे दीजिए और बैठकर उनके साथ खूब गपशप करें। घर में बैठकर टीवी पर फिल्मों का आनंद लें। इसके बावजूद अगर पत्नी नहीं मान रही है तो उन्हें कहीं बाहर ले जाकर बाग बगीचे की सैर करा लाएं और बढ़िया से मॉल में शॉपिंग करा दीजिए, फिर देखिए पत्नी कैसे आपसे खुश नहीं रहती है। अब तक के अचूक नुस्खा पति-पत्नी दोनों के लिए यह भी है कि अपनी गलती हो और वह नाराज हो जाए तो बजाय मनाने के आप खुद रूठ जाएं। एकदम तने रहें। जब अंतराल ज्यादा खींच जाएगा तो दूसरी पार्टी को लगेगा कि शायद गलती उसकी ही थी और वह झुक जाएगा। यानी हींग लगे न फिटकरी, रंग चोखा का चोखा। सौ बातों की एक बात मनाने और खुशामद करने का चक्कर कुछ भारी लगता हो, तो एक बार जमकर फिर लड़ डालिए। लड़ने के अपने ही मजे हैं, लड़ने से भीतर का गुबार निकल जाता है। लड़ने के बाद एक दूसरे की खातिर ज्यादा होने लगती है। लड़ने से मनाने के भिन्न-भिन्न प्रकार के नुस्खे आजमाने का मजा भी मिलता रहता है।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद

## खाद्यान्न वितरण में समानता व पहुंच पर भारत ने रखा पक्ष

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में खाद्यान्न वितरण में समानता, सामर्थ्य और पहुंच के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारत ने कहा कि खुले बाजारों को असमानता और भेदभाव को बढ़ावा देने का आधार नहीं बनना चाहिए।

विश्व निकाय में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अकाल और संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक खाद्य असुरक्षा पर खुली बहस के दौरान यह टिप्पणी की। कंबोज ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता जिस चीज के प्रति प्रतिबद्ध है वह हमारे प्रधानमंत्री के शब्दों में है- उर्वरक, चिकित्सीय उत्पादों और खाद्य पदार्थों की वैश्विक आपूर्ति को राजनीति से मुक्त करना ताकि भूराजनीतिक तनाव की परिणति मानवीय संकट के रूप में न हो।

## पापुआ न्यू गिनी दौरे पर भारतीय पोत

***पोर्ट मोरेस्बी (पापुआ न्यू गिनी)।*** *भारतीय नौसेना के जहाज INS सह्याद्रि और INS कोलकाता पापुआ न्यू गिनी के साथ समुद्री साझेदारी और सहयोग बढ़ाने के लिए सद्भावना यात्रा पर पोर्ट मोरेस्बी पहुंचे। इस मौके पर पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे का भारतीय पोत पर स्वागत करते भारतीय नौसेना के अधिकारी।*



फोटो :पीटीआई

### नॉलेज कॉर्नर: पूना के जिमखाना में हुई इसकी पहली प्रतियोगिता

# उपकरण रहित भारतीय खेल है 'खो-खो'

प्रत्येक खेल खेलने के लिए किसी न किसी प्रकार के उपकरण की आवश्यकता पड़ती है। जैसे- क्रिकेट में बल्ला और बॉल, वॉलीबॉल व बास्केटबॉल में बॉल की जरूरत होती है, मगर खो-खो व कबड्डी ऐसे खेल हैं, जिनमें किसी उपकरण की जरुरत नहीं होती। दिमागी ताकत और शारीरिक रूप से इन खेलों को खेला जाता है। खो-खो की शुरुआत भी मध्य भारत में ही हुई, इसलिए महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश तथा गुजरात राज्यों में यह लोकप्रिय खेल है। विद्यालयों व महाविद्यालयों में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में इसे खास दर्जा दिया जाता है। दरअसल खो-खो एक भारतीय मैदानी खेल है, जिसमें दोनों ओर दो खम्भे लगे होते हैं। विस्तृत जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में खो-खो के बारे में...

### प्रागैतिहासिक भारत में उद्भव

प्राचीन खेलों की श्रेणी में इस खेल का नाम भी शामिल है, जिसका उद्भव प्रागैतिहासिक भारत में हुआ। माना जाता है कि इस खेल की खोज मुख्य रूप से आत्मरक्षा करने, शत्रु पर आक्रमण करने के कौशल को विकसित करने के लिए हुई थी। यह व्यक्ति को खुद का बचाव करते हुए शत्रु पर हमला करना सिखाता है। इसका जन्म स्थान पूना माना जाता है, इसलिए यह खेल महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश में अधिक प्रचलित हुआ। हालांकि अन्य राज्यों में भी अब इसका प्रचार बढ़ रहा है। इसे खेलना इतना सरल और मनोरंजक है कि महिला व पुरुष दोनों इसे समान रूप से खेल सकते हैं। इसमें दो दलों के खिलाड़ी एक दूसरे की विपरीत दिशाओं की ओर मुंह करके नियत स्थान पर बैठ जाते हैं। प्रत्येक दल को 7 मिनट में पारी समाप्त करनी पड़ती है। खिलाड़ी अपने ही दल के खिलाड़ी के पीछे जाकर 'खो' शब्द बोलता है, तब वह भागने लगता है।



### जिमखाने में प्रतिस्पर्धा

शुरुआत में खो-खो खेलने के लिए कोई व्यवस्थित नियम नहीं थे, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया तथा खेल की लोकप्रियता बढ़ती गई, इसी के साथ खेल के नियम भी बनते और बिगड़ते चले गए। वर्ष 1914 में पूना के डकन जिमखाना में पहली बार खो-खो सहित कई मैदानी खेलों के नियम बनाए। वर्ष 1918 में पूना के जिमखाना में खो-खो की पहली प्रतियोगिता हुई। जिसे नियमानुसार खेला गया, इसके बाद वर्ष 1919 में बड़ौदा के जिमखाने में भारतीय स्तर पर खो-खो प्रतियोगिता हुई। इसे 27 X 16 मीटर के आयताकार मैदान पर खेला जाता है, जिसमें लकड़ी के दो स्तम्भ खड़े किए जाते हैं।

### होती हैं कई स्पर्धाएं

*इस खेल में दो अम्पायर, एक रैफरी, एक टाइम-कीपर तथा एक स्कोरर नियुक्त किए जाते हैं। भारत में खो-खो की कई स्पर्धाएं होती हैं, जैसे- राष्ट्रीय स्पर्धा, राष्ट्रीय कुमार स्पर्धा, राष्ट्रीय निम्नस्तरीय कुमार स्पर्धा, आंतरशालेय, आंतरशालेय (माध्यमिक), आंतरशालेय प्राथमिक स्पर्धा, राष्ट्रीय महिला स्पर्धा तथा आंतर्विद्यापीठ स्पर्धा।*

*कंटेंट: सुप्रिया सरकार*



**प्रियंका गांधी,** कांग्रेस महासचिव
@priyankagandhi
"तीन चीजें ज्यादा देर तक छुप नहीं सकतीं: सूर्य, चंद्रमा और सत्य"



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
जब एक विचारशील, सज्जन व्यक्ति किसी रिश्ते में पारस्परिक संबंध बनाना बंद कर देता है, तो इसका एक प्रमुख कारण यह हो सकता है कि उनके आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचती है।



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
एक बार जब आपको यह एहसास हो जाए कि आपकी अपनी बहुत सारी सीमाएं हैं और वे सभी आपके द्वारा बनाई गई हैं, तो उन्हें तोड़ने की लालसा पैदा होगी।



**स्वामी अवधेशानंद,** आध्यात्मिक गुरु
@AvdheshanandG
जीवन की प्रगति और आध्यात्मिक मार्ग में अहंकार सबसे बड़ी बाधा है। इसलिए सरल, विनम्र और सदाचारी बनें। जीवन की सुंदरता सादगी और विनम्रता में निहित है।

## विपक्षी गठबंधन के 'इंडिया' शब्द के इस्तेमाल के खिलाफ याचिका पर सुनवाई

# हाई कोर्ट ने केंद्र, निर्वाचन आयोग व 26 दलों से किया जवाब तलब

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने विपक्षी दलों को उनके गठबंधन के लिए 'इंडिया' शब्द का इस्तेमाल करने से रोकने का अनुरोध करने वाली याचिका पर शुक्रवार को केंद्र सरकार, भारत निर्वाचन आयोग और 26 राजनीतिक दलों से जवाब मांगा।

आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए 26 विपक्षी दलों ने कर्नाटक के बेंगलुरु में 17-18 जुलाई को आयोजित अपनी बैठक में 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव




अलायंस' (इंडिया) नामक गठबंधन बनाने की घोषणा की थी। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति अमित महाजन की पीठ ने केंद्रीय गृह मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत निर्वाचन आयोग तथा 26 राजनीतिक दलों को नोटिस जारी करते हुए कहा कि मामले पर सुनवाई किए जाने की जरूरत है। हालांकि, उच्च न्यायालय ने इस स्तर पर कोई भी अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया और कहा कि प्रतिवादियों की दलीलें सुने बिना कोई आदेश पारित नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा, हम इस तरह का कोई आदेश पारित नहीं कर सकते। दूसरे पक्ष की प्रतिक्रिया आने दीजिए।

हम निश्चित रूप से इस पर गौर करेंगे। याचिका में विपक्षी दलों के 'इंडिया' शब्द का इस्तेमाल करने पर अंतरिम रोक लगाने का अनुरोध किया गया है। इसमें यह भी आग्रह किया गया है कि प्रतिवादी राजनीतिक गठबंधन को 'इंडिया' शब्द के साथ राष्ट्रीय ध्वज का इस्तेमाल करने की इजाजत भी न दी जाए।

### इंडिया की बैठक: 31 अगस्त को रात्रिभोज, एक सितंबर को मंथन!

**नई दिल्ली।** विपक्ष के 26 दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की अगली बैठक मुंबई में 31 अगस्त और एक सितंबर को हो सकती है। पहले यह बैठक अगस्त के आखिरी सप्ताह में होनी थी, लेकिन कुछ नेताओं ने अपने व्यस्त कार्यक्रमों का हवाला देते हुए उपलब्ध होने में असमर्थता जताई। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विपक्षी गठबंधन के एक वरिष्ठ नेता ने बताया, हमारे गठबंधन की अगली बैठक मुंबई में 31 अगस्त और एक सितंबर को होगी। 31 अगस्त को विपक्षी नेताओं के लिए रात्रिभोज रखा गया है। एक सितंबर को दिन में औपचारिक बैठक होगी और फिर शाम के समय संयुक्त संवाददाता सम्मेलन होगा। यह बैठक पवई इलाके के एक होटल में होनी है। ऐसा पहली बार होगा कि 'इंडिया' के घटक दलों की बैठक ऐसे किसी राज्य में होने वाली है, जहां इनमें से कोई भी पार्टी सत्ता में नहीं है। विपक्षी दलों की पहली बैठक 23 जून को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) द्वारा पटना में आयोजित की गई थी। दूसरी बैठक 17-18 जुलाई को बेंगलुरु में आयोजित की गई थी और इसकी मेजबानी कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने की थी।

#### संयोजक के नाम पर हो सकता है फैसला

मुंबई की बैठक इस मायने में भी महत्वपूर्ण होगी कि उसमें इस गठबंधन के किसी संयोजक के नाम पर फैसला हो सकता है और समन्वय समिति का भी गठन हो सकता है। इसके साथ ही इसी बैठक में 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए सीट के तालमेल के संदर्भ में भी कोई रूपरेखा तैयार की जा सकती है।

### भगवान गणेश को मिथक नहीं कहा: एमवी गोविंदन



**तिरुवनंतपुरम/नई दिल्ली।** माकपा की केरल इकाई के सचिव एम.वी. गोविंदन ने शुक्रवार को कहा कि न तो उन्होंने और न ही विधानसभा अध्यक्ष ए.एन. शमसीर ने कभी कहा कि भगवान गणेश एक मिथक हैं। माकपा नेता ने इस मुद्दे पर राजनीतिक विरोधियों और मीडिया के एक वर्ग द्वारा चलाए गए गलत अभियान की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश और अल्लाह दोनों अपने-अपने धर्मावलंबियों की आस्था का हिस्सा हैं और उन्हें यह कहने की कोई जरूरत नहीं है कि वे सिर्फ मिथक हैं।

### ओडिशा भाजपा के कई पदाधिकारियों की नियुक्ति



**भुवनेश्वर।** भाजपा के ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल ने 10 उपाध्यक्षों समेत कई पदाधिकारियों की नियुक्ति की। सामल ने 35 पदाधिकारियों को नियुक्त किए जाने की घोषणा की। सामल ने चार महीने पहले ओडिशा भाजपा के अध्यक्ष का पदभार संभाला था। नवनियुक्त उपाध्यक्षों में अपराजिता सारंगी, गोलक प्रसाद महापात्र, नौरी नायक, कुसुम टेटे, ललितेंदु बिद्याधर महापात्र, रबी नायक और लेखाश्री सामंतसिंघर शामिल हैं। इसके साथ ही अविलाश पांडा को भाजपा युवा मोर्चा का अध्यक्ष और ऐश्वर्या बिस्वाल को महिला मोर्चा का प्रमुख नियुक्त किया गया है।

## राज्यसभा में हंगामा, बैठक सोमवार तक के लिए स्थगित

# सत्ता पक्ष राजस्थान तो विपक्ष मणिपुर पर चर्चा के लिए अड़ा

एजेंसी | नई दिल्ली

राज्यसभा में शुक्रवार को सत्ता पक्ष ने राजस्थान में कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा किया वहीं विपक्ष ने मणिपुर मुद्दे पर नियम 267 के तहत दिए गए कार्यस्थगन नोटिस को स्वीकार करने की मांग करते हुए नारेबाजी की।

हंगामे की वजह से राज्यसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर करीब 12:05 बजे पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। सुबह उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति जगदीप धनखड़ ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। सभापति ने बताया कि नियम 267 के तहत उन्हें कुल 48 नोटिस मिले हैं। उनके इतना कहते ही सत्ता पक्ष के सदस्यों ने राजस्थान के मुद्दे पर हंगामा और शोरगुल शुरू कर दिया। भाजपा के सदस्य राजस्थान में एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म और हत्या की घटना का जिक्र कर रहे थे।

### ■ प्रदेश की कानून व्यवस्था, नाबालिग से दुष्कर्म व हत्या का किया जिक्र



#### राजस्थान की स्थिति पर सदस्य चिंतित: गोयल

सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा, राजस्थान की स्थिति को लेकर सभी सदस्य चिंतित हैं। जिस प्रकार वहां दिनदहाड़े हमारी छोटी बेटियों, बच्चियों के साथ अलग-अलग प्रकार से दुर्व्यवहार हो रहा है, उसके ऊपर अवश्य सदन को विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान की स्थिति पर चर्चा के लिए नियम 176 के तहत कुछ सदस्यों ने नोटिस दिया है और सरकार उस पर चर्चा के लिए तैयार है। इसके बाद सभापति ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को बोलने का मौका दिया। लेकिन जैसे ही खरगे खड़े हुए, सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया।

#### सदन के नेता को सुना है तो विपक्ष के नेता को भी सुनें: सभापति धनखड़

हंगामा जारी रहने पर सभापति ने कहा, यह तरीका सही नहीं है। पीयूष गोयल को सभी ने सुना, अब सभी लोग विपक्ष के नेता को सुनें। इससे हम एक अच्छा संदेश भेजेंगे। अगर हम सकारात्मक चर्चा करेंगे तो अच्छा होगा। इसके बावजूद सत्ता पक्ष के सदस्य हंगामा करते रहे। सत्ता पक्ष के सदस्यों की टोकाटोकी के बीच खरगे ने कहा कि वह बार-बार नियम 267 के तहत मणिपुर पर चर्चा की मांग कर रहे हैं लेकिन 'सरकारी सदस्य, जो भाजपा के सदस्य हैं', वे राजस्थान का सवाल यहां उठा रहे हैं। उन्होंने सत्ता पक्ष के सदस्यों से कहा, आप इस मुद्दे को अपने विधानसभा में उठा सकते हैं। यह मंच नहीं है। राजस्थान के बारे में, छत्तीसगढ़ के बारे में महाराष्ट्र के बारे में बोलने का यह सदन नहीं है। उनके सदस्यों को बोलिए कि वह ताकतवर हैं तो वहां जाकर उठाएं। वहां उसका जवाब मुख्यमंत्री देते हैं। इस दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों का हंगामा और तेज हो गया। खरगे ने कहा, हमारे लोग आपको जवाब देने में समर्थ हैं, आप वहां जाकर मुद्दे उठाइए। हंगामा जारी रहने पर धनखड़ ने सदस्यों से फिर एक बार व्यवस्था बनाने की अपील की। हंगामा थमते न देख सभापति ने कार्यवाही 11 बजकर 31 मिनट पर दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

#### तिवाड़ी ने दिया चर्चा कराने पर जोर


दोपहर 12 बजे उच्च सदन की बैठक फिर शुरू होने पर भाजपा सदस्य घनश्याम तिवाडी ने राजस्थान में कानून व्यवस्था खराब होने का दावा करते हुए इस मुद्दे पर चर्चा कराए जाने की मांग की। इसी दौरान सदन में विपक्षी सदस्यों ने मणिपुर मुद्दे को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। नेता प्रतिपक्ष खरगे ने मणिपुर मुद्दे पर 267 के तहत अपनी मांग दोहराई। हालांकि सदन में शोर के कारण वह अपनी बात पूरी नहीं कर सके और सभापति ने बैठक पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी।

#### लोकसभा: प्रश्नकाल, शून्यकाल बाधित

नई दिल्ली। लोकसभा में शुक्रवार को मणिपुर के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल की कार्यवाही बाधित रही, वहीं गैर-सरकारी कामकाज शांतिपूर्ण तरीके से हुआ। हंगामे के बीच ही निचले सदन में दो विधेयक पारित हुए और एक विधेयक पेश किया गया।

## लोकसभा-विधानसभा के लिए चुनाव

# संसदीय समित का सुझाव, 18 साल की उम्र में लड़नें दें चुनाव



एजेंसी | नई दिल्ली

संसद की एक स्थायी समिति ने लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम आयु सीमा में कमी किए जाने की वकालत करते हुए शुक्रवार को कहा कि इससे युवाओं को लोकतंत्र में शामिल होने के समान अवसर मिलेंगे।

समिति ने संसद में शुक्रवार को पेश अपनी रिपोर्ट में कहा, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे विभिन्न देशों की प्रथाओं पर गौर करने के बाद, समिति का मानना है कि राष्ट्रीय चुनावों में उम्मीदवार बनने के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। इन देशों के उदाहरण स्पष्ट करते हैं कि युवा विश्वसनीय और जिम्मेदार राजनीतिक भागीदार हो सकते हैं। समिति ने विधानसभा चुनावों में उम्मीदवारी के लिए न्यूनतम आयु कम करने का भी सुझाव दिया। मौजूदा कानूनों के तहत, लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए किसी भी उम्मीदवार की उम्र कम से कम 25 साल होनी चाहिए।

वहीं राज्यसभा एवं राज्य विधान परिषद का सदस्य बनने के लिए न्यूनतम आयु 30 वर्ष निर्धारित है। अभी 18 साल की उम्र में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराया जा सकता है। कानून और कार्मिक विभाग संबंधी स्थायी संसदीय समिति ने राष्ट्रीय चुनावों या लोकसभा चुनावों के लिए, विशेष रूप से न्यूनतम आयु को मौजूदा 25 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष करने की सिफारिश की।

## न कोई मंच होगा ना सार्वजनिक सभा: पीएम मोदी समेत कई नेता होंगे आमंत्रित

# राम मंदिर: 21 से 23 जनवरी तक होगी प्राण प्रतिष्ठा

एजेंसी | अयोध्या (उप्र)

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करा रहे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अगले साल 21, 22 और 23 जनवरी की तारीख तय की है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने शुक्रवार को 'पीटीआई-भाषा' को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, हम इस समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित करेंगे जिसमें प्रमुख साधु और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी शामिल होंगे। राय ने कहा, मुख्य कार्यक्रम गैर-



राजनीतिक होगा और विभिन्न राजनीतिक दलों के मेहमानों को भी आमंत्रित किया जाएगा, बशर्ते वे आने का इरादा रखते हों। कार्यक्रम में कोई मंच नहीं होगा और न ही कोई सार्वजनिक बैठक आयोजित की जाएगी।

#### 25,000 से अधिक धर्मगुरु होंगे आमंत्रित

उन्होंने बताया कि ट्रस्ट इस समारोह में देश के 136 सनातन परंपराओं के 25 हजार से अधिक धर्मगुरुओं को आमंत्रित करने की योजना तैयार कर रहा है। कार्यक्रम में आमंत्रित किए जाने वाले संतों की सूची तैयार की जा रही है। जल्द ही उन्हें ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तरफ से निमंत्रण पत्र भेजा जाएगा। ये 25 हजार संत 10 हजार विशिष्ट अतिथियों से अलग होंगे जो राम जन्मभूमि परिसर के अंदर अभिषेक समारोह में शामिल होंगे।

#### संत अयोध्या के बड़े मठों में ठहरेंगे

राय ने कहा, ट्रस्ट ने सभी प्रमुख संतों को अयोध्या के बड़े मठों में ठहराने की योजना बनाई है। सभी बड़े मठ और मंदिर आने वाले संतों और साधुओं को ठहरने की सुविधा देने पर सहमत हो गए हैं। लगभग एक महीने तक चलने वाले इस भव्य आयोजन के प्रबंधन को संभालने के लिए अयोध्या के विभिन्न संतों के कई समूह बनाए जाएंगे। मंदिर ट्रस्ट के न्यासी अनिल मिश्रा ने कहा, राम मंदिर के गर्भगृह का कार्य पूरा होने वाला है।

### PM मोदी से मिले हिमाचल के सीएम



*नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की तथा उन्हें भारी वर्षा के कारण इस पर्वतीय राज्य को हुए नुकसान के बारे में बताया। -पीटीआई*

## लोकसभा चुनाव

# नीतीश UP के फूलपुर से लड़ सकते हैं चुनाव, सियासी घमासान शुरू

एजेंसी | पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भाजपा शासित उत्तर प्रदेश से लोकसभा चुनाव लड़ने की ताजा अटकलों को लेकर राज्य में सत्तारूढ़ महागठबंधन और यहां के विपक्षी दल के बीच राजनीतिक तकरार शुरू हो गई है। बिहार के मंत्री और उत्तर प्रदेश के लिए (जद-यू) के प्रभारी श्रवण कुमार के हाल में कहा था कि ऐसी मांगें उठ रही हैं कि पार्टी प्रमुख पड़ोसी राज्य से चुनाव मैदान में उतरें। इसके बाद नीतीश के उत्तर प्रदेश से लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलें तेज हो गईं। श्रवण कुमार ने बुधवार को एक क्षेत्रीय समाचार चैनल से कहा था, मैं हाल में जौनपुर में था और वहां बहुत मांग थी कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उत्तर प्रदेश से लोकसभा चुनाव लड़ने पर विचार करें। कैबिनेट के वरिष्ठ सदस्य बिजेंद्र यादव ने पार्टी कार्यालय में संवाददाताओं से कहा, न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि कई अन्य राज्यों में हमारी इकाइयां चाहती हैं कि मुख्यमंत्री वहां से चुनाव लड़ें।



बेशक, इस बारे में पार्टी नेता को निर्णय लेना है। नीतीश ने पिछले साल राजग से नाता तोड़ लिया था और 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को हराने की मुहिम में लगे हुए हैं। उनके बारे में अटकलें जोरों पर हैं कि वह फूलपुर से चुनाव लड़ सकते हैं। इस संसदीय सीट के तहत प्रयागराज शहर का एक बड़ा हिस्सा आता है और वहां कुर्मी जाति की बड़ी आबादी है, जिससे कुमार संबंधित हैं और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी से लगभग 100 किलोमीटर दूर है।

#### क्या है नीतीश को लेकर फूलपुर का गणित

- कुर्मी समुदाय की बड़ी आबादी है फूलपुर क्षेत्र में
- कुर्मी समुदाय से संबंध रखते हैं नीतीश
- वाराणसी से मात्र 100 किलोमीटर दूर है फूलपुर। नीतीश के चुनाव लड़ने से अन्य सीटों पर भी हो सकता है असर

#### पंडित नेहरू की सीट रही है फूलपुर

इस सीट का नेहरू से जुड़ाव रहा है और उनकी मृत्यु के बाद विजय लक्ष्मी पंडित ने यहां से जीत दर्ज की थी लेकिन अब फूलपुर कांग्रेस की पकड़ से निकल चुकी है और आखिरी बार 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या से उत्पन्न लहर के समय पार्टी ने इस सीट से जीत हासिल की थी।

#### अन्य सहयोगी पार्टियों ने भी की हिमायत

जद यू प्रभारी श्रवण कुमार ने कहा, हाल में उत्तर प्रदेश दौरे के दौरान मुझे एहसास हुआ कि फूलपुर ही नहीं, फतेहपुर और प्रतापगढ़ समेत कई अन्य सीटें हैं, जहां हमारी पार्टी चाहती है कि मुख्यमंत्री चुनाव लड़ें। उन्हें लगता है कि इससे माहौल बनेगा। राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता शक्ति यादव ने कहा, अगर उस राज्य के लोग चाहते हैं, तो उन्हें ऐसा करना चाहिए। बिहार में जदयू की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी कांग्रेस के बिहार विधानसभा में विधायक दल के नेता शकील अहमद खान से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर इशारा करते हुए कहा, क्यों नहीं? जब गुजरात का कोई व्यक्ति वाराणसी से चुनाव लड़ सकता है और जीत सकता है, तो हम उत्तर प्रदेश के बहुत करीब हैं।

#### भाजपा ने साधा नीतीश पर निशाना

बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा और भाजपा की बिहार इकाई के प्रमुख सम्राट चौधरी ने अलग-अलग कड़े शब्दों में बयान दिए और आरोप लगाया कि नीतीश अपने घरेलू क्षेत्र में अपनी लोकप्रियता खो चुके हैं और अगर वह पड़ोसी राज्य में जाते हैं तो उन्हें अपमान का सामना करना पड़ेगा। भाजपा के दोनों नेताओं ने नीतीश की पार्टी जदयू पर फूलपुर के जातीय अंकगणित के दृष्टिकोण से सोचने का भी आरोप लगाया।

## जरूरी खबर

### बंबई हाई कोर्ट के जस्टिस रोहित देव ने दिया इस्तीफा



**नागपुर।** बंबई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रोहित देव ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बंबई हाई कोर्ट की नागपुर पीठ के न्यायाधीश देव ने अदालत में कई वकीलों की मौजूदगी में यह घोषणा की। अदालत कक्ष में मौके पर मौजूद एक वकील के अनुसार न्यायाधीश देव ने इस्तीफा देने की वजह स्पष्ट नहीं की है, लेकिन उन्होंने कहा कि वह अपने आत्म सम्मान के विरुद्ध काम नहीं कर सकते। पिछले साल न्यायाधीश देव ने माओवादियों के साथ कथित संबंध के मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जी एन साईंबाबा को बरी कर दिया था और कहा था कि अवैध गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत वैध मंजूरी के अभाव में सुनवाई की कार्यवाही 'अमान्य' है।

### प्रीति चंद्रा को मिली जमानत में हस्तक्षेप से इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को धन शोधन मामले में यूनीटेक प्रवर्तक संजय चंद्रा की पत्नी प्रीति चंद्रा को उच्च न्यायालय द्वारा जमानत दिए जाने संबंधी आदेश में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने इस बात पर गौर किया कि प्रीति चंद्रा 620 से अधिक दिनों से हिरासत में हैं। पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए प्रीति को निर्देश दिया कि वह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से बाहर नहीं जाएंगी।

### 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान 9 अगस्त से

**नई दिल्ली।** देश भर के 7,500 गांवों में शहीद बहादुरों को सम्मानित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान 'मेरी माटी, मेरा देश' अगले सप्ताह नौ अगस्त से शुरू होगा। पीएम मोदी 30 अगस्त को आजादी अमृत महोत्सव के समापन पर समारोह को संबोधित करेंगे। इस समारोह में 7,500 गांवों की मिट्टी विशेष कलशों में लाई जाएगी। सरकार ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना के तहत राजधानी में तथा 7,500 गांवों में स्वदेशी और स्थानीय पौधों का एक उद्यान 'अमृत वाटिका' बनाने की योजना तैयार की है। 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान में देश के लिए बलिदान देने वाले बहादुरों व स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने के लिए ग्राम पंचायतों में स्मारक पट्टिकाएं 'शिलाफलकम' भी स्थापित की जाएंगी।

## अनुच्छेद 370 निरस्त करने की चौथी बरसी... श्रीगनर में कड़ी चौकसी





*श्रीनगर। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने की चौथी बरसी की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इस दौरान श्रीनगर में शहर के प्रमुख स्थानों पर सीमा सुरक्षा बल के जवान तैनात नजर आए लेकिन जनजीवन सामान्य रहा। फोटो में शहर में विभिन्न स्थानों पर तैनात सुरक्षा कर्मी और उनके सामने से होकर गुजरते लोग।* -पीटीआई

### गृह सचिव भल्ला को मिला चौथी बार सेवा विस्तार



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को शुक्रवार को 22 अगस्त, 2024 तक एक साल का सेवा विस्तार दिया गया। यह इस पद पर उनका चौथा सेवा विस्तार है। असम-मेघालय कैडर के 1984 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी भल्ला को अगस्त 2019 में गृह सचिव नियुक्त किया गया था। भल्ला को 60 वर्ष की उम्र पूरी होने पर नवंबर 2020 में सेवानिवृत्त होना था। उनका कार्यकाल पहली बार 17 अक्टूबर, 2020 को 22 अगस्त, 2021 तक बढ़ाया गया था। भल्ला का कार्यकाल 2021 और 2022 में एक-एक साल के लिए बढ़ाया गया था। आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने भल्ला की सेवा को 22 अगस्त, 2023 से आगे एक साल की अवधि के लिए यानी 22 अगस्त, 2024 तक बढ़ाने को मंजूरी दे दी है।

**मणिपुर: सुरक्षा बलों ने किए बंकर नष्ट**

# पुलिस शस्त्रागार से भीड़ ने लूटी गोलियां-राइफल

**एजेंसी** | इंफाल

मणिपुर में पुलिस शस्त्रागार से हथियार लूटे जाने की एक और घटना सामने आई है। ताजा मामले में भीड़ ने बिष्णुपुर जिले के नारानसीना स्थित द्वितीय इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) के मुख्यालय में घुसकर एके और 'घातक' श्रृंखला की राइफल तथा विभिन्न बंदूक की 19 हजार से अधिक गोलियां लूट लीं। दूसरी ओर सुरक्षा बलों ने संवेदनशील और सीमांत क्षेत्रों में तलाशी अभियान चलाकर सात अवैध बंकरों को नष्ट किया।

अधिकारियों के मुताबिक, भीड़ ने विभिन्न बंदूक की 19,000 राउंड से अधिक गोलियां, एके श्रृंखला की एक असॉल्ट राइफल, तीन 'घातक' राइफल, 195 सेल्फ-लोडिंग राइफल, पांच एमपी-4 बंदूक, 16.9 एमएम की पिस्तौल, 25 बुलेटप्रूफ जैकेट, 21 कार्बाइन, 124 हथगोले सहित अन्य हथियार लूट लिए। अधिकारियों ने बताया कि चुराचांदपुर की ओर मार्च करने के लिए भीड़ नारानसीना में इकट्ठा हुई थी, जहां आदिवासी समुदाय के लोग राज्य में तीन मई को भड़की हिंसा में मारे गए समुदाय के लोगों को सामूहिक रूप से दफनाने की योजना बना रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि बिष्णुपुर जिले के कांगवई और फौगाकचाओ में शवों को दफनाए जाने वाले स्थल की ओर निकाले जा रहे जुलूस को रोकने के लिए सेना और त्वरित कार्रवाई बल को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। इस दौरान हुई झड़पों में 25 से अधिक लोग घायल हो गए। कुकी-जोमी समुदाय के संगठन 'इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम' (आईटीएलएफ) ने राज्य में हिंसा में मारे गए 35 लोगों के शव बृहस्पतिवार को हाओलाई खोपी गांव में एक स्थल पर दफनाने की योजना बनाई थी, जिससे कई जिलों में तनाव पैदा हो गया था। मणिपुर हाई कोर्ट ने प्रस्तावित दफन स्थल पर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए थे। बहुसंख्यक समुदाय ने इंफाल में दो अन्य शस्त्रागारों को भी लूटने का प्रयास किया, लेकिन उसे विफल कर दिया गया।



**कर्फ्यू में ढील**

सरकार ने आम लोगों को आवश्यक सामान खरीदने की सुविधा देने के लिए इंफाल ईस्ट और वेस्ट जिलों में शुक्रवार को सुबह पांच बजे से सात घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी।

**उत्तराखंड: पहाड़ों से गिर रहे हैं पत्थर**

# गौरीकुंड में बाढ़-भूस्खलन से तीन लोगों की मौत, 16 लापता

**एजेंसी** | देहरादून/रुद्रप्रयाग



उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ यात्रा मार्ग पर गौरीकुंड के पास भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन के बाद तीन लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य लापता हो गए। घटनास्थल के आसपास पहाड़ से अभी भी रुक-रुक कर पत्थर गिर रहे हैं। मलबा और पानी का बहाव इतना तेज था कि ढाबों सो रहे व्यक्तियों को भागने का मौका तक नहीं मिला। सड़क का लगभग 15 से 20 मीटर हिस्सा भी मलबा अपने साथ बहा ले गया। लगातार हो रही बारिश के चलते बचाव दल के सामने परेशानी खड़ी हो रही। पहाड़ी पर कई बोल्डर फंसे हैं, जिनके कभी भी नीचे गिरने का खतरा बना है।

रुद्रप्रयाग जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि गुरुवार मध्य रात्रि के बाद तेज बारिश के दौरान गौरीकुंड से कुछ मीटर दूर डाट पुलिया में आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण मलबे के साथ तीन दुकानें बह गईं, जिससे उसमें रह रहे तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में बही दो दुकानों और एक खोखे में कुल 19 लोग रह रहे थे, जिनमें से 16 लापता हैं और उनकी तलाश जारी है। तीन लोगों के शव घटनास्थल से करीब 50 मीटर नीचे बह रही मंदाकिनी नदी से बरामद किए गए। रजवार के अनुसार, एनडीआरएफ, राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ), पुलिस और अन्य एजेंसियां नदी में तथा उसके किनारे युद्धस्तर पर तलाश अभियान चला रही हैं। घटनास्थल पर मौजूद पुलिस क्षेत्राधिकारी विमल रावत ने कहा कि भारी बारिश के कारण राहत एवं बचाव कार्य में दिक्कतें आ रही हैं।

**केदारनाथ यात्रा रोकी:** सड़क का 15 से 20 मीटर का एक तरफ का हिस्सा टूटने से केदारनाथ यात्रा रोक दी गई। सोनप्रयाग से आगे यात्रियों को रवाना नहीं किया गया।

## चंद्रयान-3 आज करेगा चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश

**एजेंसी** | बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को कहा कि चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान ने 14 जुलाई को प्रक्षेपण के बाद से चंद्रमा की लगभग दो-तिहाई दूरी तय कर ली है। इसरो के अनुसार शनिवार को एक और महत्वपूर्ण प्रयास में अंतरिक्ष यान को चंद्रमा की कक्षा में स्थापित किया जाएगा। एक अगस्त को अंतिरक्ष यान को पृथ्वी की कक्षा से ऊपर उठाकर चंद्रमा की ओर बढ़ाने की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया गया और यान को 'ट्रांसलूनर कक्षा' में भेज दिया गया था। राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि अंतरिक्ष यान को चंद्रमा की कक्षा में स्थापित करने की प्रक्रिया पांच अगस्त को शाम करीब सात बजे के लिए निर्धारित है।यह प्रयास तब किया जाएगा जब चंद्रयान-3 चंद्रमा के सबसे पास होगा। चंद्रयान-3 23 अगस्त को चंद्रमा की सतह पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' कराने की कोशिश करेगा।

## मुठभेड़ में तीन सुरक्षाकर्मी घायल

**एजेंसी** | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में शुक्रवार को आतंकवादियों के साथ हुई एक मुठभेड़ में तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि कुलगाम जिले में हालां वन क्षेत्र के ऊंचाई वाले इलाके में यह मुठभेड़ हुई। कश्मीर जोन पुलिस ने इस संबंध में ट्वीट किया है,मुठभेड़ में तीन जवान घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा है। पुलिस ने तलाशी अभियान तेज कर दिया है।

## संतोष आनंद के गीतों पर झूम उठे लोग

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के भारती कालेज में आयोजित सोलो सिंगिंग कॉम्पीटीशन में युवा गायकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध फिल्मी गीतकार और कवि संतोष आनंद के गानों की प्रस्तुति दी।

नए पीढ़ी के मुख से अपने गीत सुन संतोष आनंद भी कई बार भावुक हो उठे। भारती महाविद्यालय के ओडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में दर्शक झूम उठे। कार्यक्रम भारती महाविद्यालय की प्रधानाचार्या प्रो. सलोनी गुप्ता, एनएसएस भारती कालेज की संयोजिका डॉ.आशा तिवारी, एनएसटीम तथा उदंकार एवं सेवन फ्रेम स्वयंसेवी संस्थाओं के संयुक्त तत्त्वावधान में संपन्न हुआ। नए फनकार की खोज के इस दूसरे सीजन में सीनियर वर्ग में नवीन रहे जबकि जूनियर वर्ग में सृष्टि ने बाजी मारी। गजल गायक जितेंद्र सिंह और दौलत राम कालेज की म्यूजिक प्रोफेसर सपना कचरू कार्यक्रम में जज रहे। सेवन फ्रेम्स की फाउंडर श्रीमती मीनू शर्मा ने बताया कि संगीत का यह सफर इसी तरह जारी रहेगा। उपाध्यक्ष राखी बिस्ट,गेस्ट ऑफ ऑनर रवि मल्होत्रा, सुरेंद्र सिंघला, एन एस एस की अध्यक्ष कोमल बख्शी और उपाध्यक्ष गुंजन ने विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम की एंकरिंग अक्षिता शर्मा ने की।



**नूंह प्रकरण: 250 अवैध झुग्गियों पर चला बुलडोजर**

# हिंसा अलग-अलग समूहों का काम, मुख्य साजिशकर्ता का नहीं चला पता

**एजेंसी** | गुरुग्राम

हरियाणा के नूंह जिले में हुई हालिया सांप्रदायिक हिंसा की जांच में अब तक इस घटना के पीछे किसी मुख्य साजिशकर्ता का हाथ होने का पता नहीं चला है और ये कई अलग-अलग समूहों का काम था। एक वरिष्ठ पुलिस आकिारी ने यह बात कही। हिंसा के संबंध में 200 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

दूसरी ओर प्रशासन ने तावड़ू कस्बे में सरकारी जमीन पर कथित तौर पर कब्जा कर बनाई गईं लगभग 250 झुग्गियों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही नूंह जिले के पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला का तबादला भिवानी कर दिया गया है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जमीन पर कब्जा करने वाले अवैध बांग्लादेशी अप्रवासी थे जो पहले असम में रह रहे थे। नूंह के उपायुक्त प्रशांत पंवार ने हालांकि इस बात से इनकार किया कि झुग्गियों को ध्वस्त करने की कार्रवाई का हालिया हिंसा से कोई संबंध है। उन्होंने कहा कि यह अतिक्रमण हटाने की सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है। झुग्गियां एक एकड़ जमीन पर बनी थीं।

**अब तक 200 लोग गिरफ्तार, 102 एफआईआर दर्ज**



### हिंसा में शामिल होंगों की पहचान

नूंह के नए पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह बिजारनिया ने शुक्रवार को कहा कि पुलिस पहले ही हिंसा में शामिल लोगों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर रही है। किसी भी शरारती तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। इस अवसर पर उपायुक्त प्रशांत पंवार भी मौजूद थे।

### गोरक्षा फोर्स के अध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज

बिजारनिया ने कहा कि सोमवार को हुई हिंसा के सिलसिले में 'गोरक्षा बजरंग फोर्स' के अध्यक्ष बिट्टू बजरंगी (45) के खिलाफ फरीदाबाद में मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, बजरंग दल का सदस्य बजरंगी पिछले तीन साल से अपना गोरक्षक समूह चला रहा है। पिछले एक महीने में ही उस पर धार्मिक भावनाएं भड़काने के तीन मामले दर्ज किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि सोमवार को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की शोभायात्रा पर भीड़ द्वारा हमला किए जाने के बाद नूंह में भड़की हिंसा की आंच गुरुग्राम तक पहुंच गई थी, जिसमें दो होम गार्ड और एक इमाम सहित छह लोगों की मौत हुई है।

### पटौदी में विहिप का विरोध मार्च

इस बीच, हिंदू संगठनों ने शुक्रवार को गुरुग्राम के पटौदी इलाके में नूंह हिंसा के खिलाफ विरोध मार्च निकाला और बंद का आह्वान किया। इसके चलते पटौदी, जाटौली और भोरा कलां के बाजार बंद रहे।

### 102 प्राथमिकी दर्ज: विज

चंडीगढ़ हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को अंबाला में कहा कि कहा कि राज्य में हाल में हुई सांप्रदायिक झड़पों के सिलसिले में अब तक 102 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं, जिनमें से आधी अकेले नूंह में और बाकी गुरुग्राम, फरीदाबाद तथा पलवल सहित अन्य जिलों में दर्ज की गई हैं। इन घटनाओं में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मंत्री ने कहा कि जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है, उनसे कानून के मुताबिक पूछताछ की जा रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### उपद्रवियों ने दुकान में तोड़फोड़ की

हरियाणा के पानीपत में कुछ अज्ञात लोगों ने एक दुकान में कथित तौर पर तोड़फोड़ की। यह दुकान नूंह में हुई सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए एक व्यक्ति के घर के पास है। उपद्रवियों ने गुरुवार शाम को मांस बेचने वाली दुकान को निशाना बनाया और पास में खड़े दो वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

## 'बाघोदय' में मंथन: एक मंच पर आए दुनियाभर के विशेषज्ञ, सचिन तेंदुलकर बोले...

# बाघ और जंगल बचाने से बचेगी दुनिया




**बेधड़क** | जयपुर

क्रिकेटर भारत रत्न सचिन तेंदुलकर ने वीडियो संदेश से जयपुर में हुए बाघोदय को सराहा और देशवासियों से बाघ संरक्षण की पहल से जुड़ने का आह्वान किया। मौका था वर्ल्ड वाइल्डर्नेस कांग्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूडब्ल्यूटीआई) और सरिस्का टाइगर फाउंडेशन (एसटीएफ) की ओर से टाइगर प्रोजेक्ट के 50 वर्ष और सरिस्का में बाघ विस्थापन के 15 वर्ष पूरे होने पर आरआईसी में बाघोदय कार्यक्रम का। आइयूसीएन के वाइल्डर्नेस स्पेशलिटी ग्रुप अध्यक्ष और वर्ल्ड वाइल्डर्नेस कांग्रेस के वैश्विक अध्यक्ष वेंस जी. मार्टिन समेत पर्यावरणविद् और बाघ संरक्षण विशेषज्ञों ने एकजुट होकर बाघों के संरक्षण और उत्थान की रणनीति पर मंथन किया।

सचिन ने आगे कहा कि बाघ और जंगल को बचाकर ही हम दुनिया को बचा पाएंगे, क्योंकि हम सभी का जीवन एक-दूसरे से जुड़ा है। महाराष्ट्र के चीफ वाइल्डलाइफ वार्डन महीप गुप्ता ने भी वीडियो संदेश के जरिए विचार रखे।




### लॉन्च हुआ राजस्थानी टाइगर एंथम

इस दौरान टाइगर एंथम का राजस्थानी वर्जन लॉन्च किया गया। सरिस्का के बाघों के जीवन पर आधारित फिल्म की स्क्रीनिंग भी हुई। शांतनु मोइत्रा के म्यूजिक कम्पोजिशन और सुब्बैया नल्ला मुथु द्वारा फिल्माए गए टाइगर एंथम को देख सभी रोमांचित हो उठे। इसमें अठखेलियां करते बाघों के मन की आवाज 'थारी-म्हारी आ दुनिया' गूंजी। एसटीएफ संस्थापक सचिव दिनेश दुरानी ने बाघोदय के बारे में कहा आयोजन के साथ हम विभिन्न राज्यों से बाघों के पुनर्वास के लिए पहल की उम्मीद कर रहे हैं। ग्रामीणों का पुनर्वास बघोदय का उद्देश्य है। डब्ल्यूडब्ल्यूटीआई चैयरमेन और एसटीएफ अध्यक्ष सुनील मेहता ने बाघ संरक्षण के लिए एक स्थायी पाठ्यक्रम तैयार करने के सामूहिक संकल्प को दोहराया।

### बताए वन्यजीवों के वैज्ञानिक पहलू

इस मौके पर वन्यजीवों की उपस्थिति के वैज्ञानिक पहलुओं को सामने रखा। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के महासचिव और सीईओ रवि सिंह ने पारिस्थितिकी कारकों के साथ वैश्विक आवास और वन्य जीवन पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि पशु संरक्षण के साथ आवास संरक्षण बेहद महत्वपूर्ण है। ताड़ोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व के सीसीएफ और फिल्ड निदेशक डॉ. जितेन्द्र रामगावकर ने प्रेजेंटेशन से इको-टूरिज्म पर दृष्टव्य व्यक्त किया। नागपुर के वाइल्ड लाइफ वार्डन और ग्रीन ऑस्कर विजेता रोहित कारू ने पर्यावरण संरक्षण के लिए स्थानीय जनजातीय समुदाय द्वारा अपनाए जाने वाले पारंपरिक तरीकों की जानकारी दी

### तीन फिल्मों में बाघों का जीवन

5 बार राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजे जा चुके फिल्म निर्माता सुब्बैया नल्ला मुथु द्वारा तैयार 3 फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई। इनमें सरिस्का में बाघों के जीवन, विश्व बाघ दिवस और 4 साल में बाघ संरक्षण की वास्तविक स्थिति को दर्शाने वाली फिल्में शामिल हैं। बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी अध्यक्ष प्रवीण परदेशी और वेंस जी मार्टिन ने प्रेजेंटेशन प्रस्तुत कर विभिन्न तथ्यों पर प्रकाश डाला। अतिरिक्त मुख्य सचिव वन व पर्यावरण विभाग शिखर अग्रवाल ने प्रदेश में बाघों के भविष्य पर विचार रखे।

## धर्म संरक्षिणी महासभा राजस्थान ने किया सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीभारतवर्षीय दिगंबर जैन (धर्म संरक्षिणी) महासभा राजस्थान की साधारण सभा व अभिनंदन समारोह भट्टारकजी नसियां में हुआ। शुभारंभ महासभा के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष रमेश तिजारिया, विशिष्ट अतिथि अजय बड़जात्या, प्रवीण बड़जात्या (कामां वाले), सुरेश सबलावत, नरेंद्र सेठी, महासभा राजस्थान अध्यक्ष कमल बाबू जैन व महामंत्री राजेंद्र बिलाला ने किया। राजेंद्र अनोपड़ा, कमलेश बोहरा, विमल जैन, राजेंद्र बिलाला द्वारा भजन गायन के साथ सभा की युवा महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में अद्विका और सौम्या द्वारा मंगलाचरण, भजन व रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। महासभा राजस्थान अध्यक्ष कमल बाबू जैन ने उद्बोधन में कर्नाटक में आचार्य कामकुमार जी मुनिराज की हत्या पर आक्रोश प्रकट किया। अध्यक्ष गजराज गंगवाल व महामंत्री प्रकाश चंद बड़जात्या द्वारा धर्म संरक्षण हितार्थ किए जा रहे कार्यों का यथानुरूप उल्लेख किया। महामंत्री राजेंद्र बिलाला ने महासभा की गतिविधियों के बारे में बताया। मंत्री भागचंद जैन मित्रपुरा ने महासभा की सदस्यता मुख पत्र 'जैन गजट' का प्रकाशन व महासभा द्वारा समाज के कमजोर वर्गों के लिए शुरू की गई आत्मनिर्भर जैन योजना के बारे में जानकारी दी।

## 108 कुंडीय महारुद्र यज्ञ में भक्त देंगे आहुतियां




**बेधड़क. जयपुर।** सर्वजन हितार्थ और विश्व शांति की मंगल कामना के लिए श्रद्धा महोत्सव-2023 कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 9 दिवसीय शिव महापुराण कथा और 108 कुंडीय महारुद्र यज्ञ महोत्सव की शुरुआत 13 अगस्त से होगी। सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के महंत चेतन नाथ ने बताया कि अखिल भारतीय नाथ संप्रदाय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत नरहरिनाथ और अभयनाथ के सान्निध्य में होने वाले अनुष्ठान की संत-महंतों और आयोजकों ने जानकारी दी। चेतननाथ ने कहा कि कलशयात्रा और निशान यात्रा निकाली जाएगी। यज्ञाचार्य कृष्णकांत शास्त्री के सान्निध्य 14 अगस्त से सुबह 9 बजे से यज्ञ होगा। अनुदेव शास्त्री ने बताया कि विभिन्न तीर्थों के जल के साथ ही औषधियां मंगाई गई हैं। समाजसेवी रामकुमार सैनी ने बताया कि 21 अगस्त को भजन संध्या, 10 से 22 अगस्त तक मेला और 22 अगस्त को भंडारा होगा। कार्यक्रम में जापान से बालकिशन गोयनका, अहमदाबाद से सुरेश शर्मा मनफरा, पानीपत से आशीष अभिनव गर्ग, रामविलास सिंगड़ोदिया, मांगीलाल बजाज, मोहन बंसल, रजत गोयल को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

## City इवेंट्स

### खुद को साबित कर रही गृहणियां



**बेधड़क, जयपुर।** महिलाएं सिर्फ रसोई घर तक ही सीमित नहीं हैं। उनका क्रिएशन हमेशा खास होता है और ये ही साबित किया जयपुर की लेडीज ग्रुप ने। उन्होंने नाइट मार्केट कॉन्सेप्ट में अपनी क्रिएटिविटी दिखाई। मौका है लेबल्स गॉन वाइल्ड जयपुर में नाइट मार्केट के आयोजन का जो शनिवार को भी जारी रहेगा। अजमेर रोड स्थित प्रतिष्ठा बैंक्वेट में सभी महिलाएं एक मंच पर आईं और उन्होंने खुद को साबित किया। लेबल्स गॉन वाइल्ड की संस्थापक पारुल चोपड़ा और अक्षी गांधी ने कहा कि शो में 70 से अधिक स्पेशल और अपने बेहतरीन कार्यों का प्रदर्शन किया है। इसमें हमने हर वर्ग से महिलाओं को चुना हैं, जो कुछ अलग और बड़ा करना चाहती हैं। सभी ने अपनी सोच को क्रिएशन में उतारा है और अपनी स्टॉल में उसको जाहिर किया है।

### रजनीकांत की जेलर पर विवाद




**बेधड़क, जयपुर।** तमिल सुपरस्टार रजनीकांत अपनी मचअवेटेड फिल्म 'जेलर' के साथ जल्दी ही सिनेमाघरों में धावा करने वाले हैं। ये फिल्म एक साथ 5 भाषाओं में 10 अगस्त के दिन रिलीज हो रही है। इस बीच रजनीकांत की मूवी जेलर के खिलाफ मलयालम फिल्म निर्देशक सकिर मादाथिल ने मोर्चा खोल दिया है। दरअसल, जिस दिन तमिल सुपरस्टार रजनीकांत की मूवी जेलर थियेटर पहुंच रही है। ठीक उसी दिन मलायलम फिल्म निर्देशक सकिर मादाथिल की मूवी भी रिलीज होने वाली है। उनकी मूवी का टाइटल भी जेलर ही है। ऐसे में उनकी फिल्म की सीधी टक्कर सिनेमाघरों में सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म जेलर से होने वाली है। इस महाक्लैश का असर मलयालम फिल्म निर्देशक सकिर मदाथिल की मूवी जेलर पर पड़ रहा है। इसकी वजह से उनकी फिल्म को अच्छी संख्या में सिनेमाघर नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में सकिर केरल फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स के आगे एक दिन के धरने पर बैठ गए। जेलर के टाइटल को लेकर भी निर्देशक सकिर और तमिल सुपरस्टार रजनीकांत की मूवी के निर्माता सन पिक्चर्स के बीच विवाद हुआ था।

## मिस राजस्थान-2023 का फिनाले वीक

# अवॉर्ड व क्रॉउन रिवील सेरेमनी में मॉडल्स ने दिखाया कॉन्फिडेंस



फोटो: पंकज शर्मा

**बेधड़क** | जयपुर

जीवन की हर इच्छा को कंप्लीट करना चाहिए। उसके लिए सही ढंग से और सही तरीके से प्रयास करने चाहिए। अपने पैशन और डेडीकेशन के साथ फैमिली और पेरेंट्स का फुल सपोर्ट लेकर कार्य करना चाहिए।

इससे आप किसी को दुखी किए बगैर ड्रीम कंप्लीट कर सकें और एक बार जो डिसाइड कर लिया उस कार्य के पीछे पड़ जाना चाहिए। तभी आप सक्सेज पा सकते हैं। यह कहना था फ्यूजन ग्रुप द्वारा संडे होटल के सहयोग से आयोजित ब्यूटी पेजेंट मिस राजस्थान के 5वें दिन फर्स्ट इंडिया व भारत-24 के सीएमडी जगदीश चन्द्र का। उन्होंने फाइनलिस्ट के साथ सक्सेस स्टोरी शेयर की।

आयोजक योगेश व निमिषा मिश्रा ने बताया कि इवनिंग इवेंट में सबटाइटल अवॉर्ड व क्राउन रिवर सेरेमनी का आयोजन संडे होटल में किया गया। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में राज बंसल, पवन गोयल, जेडी महेश्वरी, मुदित शर्मा, अंशुल जैन, गुलाबी रसोई से देवांशु जैन, वासु जैन, संडे होटल जनरल मैनेजर अतुल शर्मा, करण नागपाल, अजय सिंह मीना, दिवा एंड डेबोनियर की डायरेक्टर मीनाक्षी सोलंकी, प्रशांत कुमार पोद्दार, अरशद हुसैन, रोटरी क्लब साउथ की प्रेसिडेंट निर्मला सेवानी आदि उपस्थित रहे। सबटाइटल ब्यूटी प्रजेंट में गर्ल्स को निखारने का कार्य करते हैं। ऐसे में सेरेमनी के दौरान मुख्य ताज और टाइटल की चमक और कॉन्फिडेंस मॉडल्स की आंखों में दिखाई दी।

## कायस्थ महासभा के प्रतिनिधि राज्यपाल से मिले

# सरकार को धर्मराज चित्रगुप्त बोर्ड बनाने का परामर्श देने का आग्रह



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान कायस्थ महासभा के 39वें स्थापना दिवस पर राजस्थान कायस्थ महासभा का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष अरविंद कुमार संभव के नेतृत्व में राज्यपाल कलराज मिश्र से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने महासभा की तरफ से पीतल का एक खूबसूरत स्मृति चिन्ह भेंट किया।

इसके साथ ही राजस्थान के समस्त कायस्थ समाज की तरफ से एक प्रतिवेदन दिया गया जिसमें उनसे सरकार को यह निर्देश एवं परामर्श देने का आग्रह किया गया है कि राज्य सरकार अन्य समाजों की तर्ज पर कायस्थ समाज की समस्याओं के निवारण के लिए भी एक धर्मराज चित्रगुप्त बोर्ड का गठन करे।

राज्यपाल को बताया गया कि प्रदेश में किन कठिन परिस्थितियों का कायस्थ समाज सामना कर रहा है और महंगी शिक्षा तथा बेरोजगारी के कारण उसके युवा सदस्यों के सामने विकट आर्थिक संकट उत्पन्न हो रहा है। राज्यपाल ने अनुकूल आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष कुमार संभव ने अपने द्वारा लिखी नई यात्रा वृतांत पुस्तक यायावरी भी राज्यपाल को भेंट की।

मीटिंग लगभग 20 मिनट चली, जिसमें राजस्थान में कायस्थ समाज की सामाजिक और आर्थिक स्थिति से राज्यपाल को विस्तार से अवगत कराया गया। प्रतिनिधि मंडल में अरविंद कुमार संभव, जुगल किशोर डिग्गीवाले, दयाशंकर माथुर, देवेन्द्र स्वरूप माथुर, जगदीश प्रकाश माथुर शामिल थे।

## टूरिज्म फेयर | बिड़ला ऑडिटोरियम में 6 तक होंगी टूरिज्म की बातें

# पर्यटन सुविधाएं बढ़ने के साथ ही बढ़े प्रचार-प्रसार

**बेधड़क** | जयपुर

'देश की विभिन्न टूरिज्म डेस्टिनेशंस पर पर्यटकों के लिए पर्याप्त सुविधाएं विकसित किए जाने के साथ ही उनके व्यापक प्रचार-प्रसार की सख्त जरूरत है, ताकि आमजन अपनी रुचि और आवश्यकता के अनुसार लोकेशंस का चयन प्लानिंग में कर सके। ऐसी स्थिति में देश भर में लगाए जाने वाले टूरिज्म फेयर पर्यटन विकास में सहायक हैं।'

यह कहना था बिहार पर्यटन विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर रंजन कुमार का। वे शुक्रवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित टूरिज्म फेयर के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। ब्लू आई इंडिया की ओर से देश भर की टूरिज्म लोकेशंस के बारे में आमजन को जानकारी देने के लिए यह फेयर लगाया गया है, जिसका 6 अगस्त को समापन होगा।




फेयर के उद्घाटन पर भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय टूरिज्म इनफॉर्मेशन ऑफिसर त्रिलोक तंवर, बिहार पर्यटन विभाग असिस्टेंट डायरेक्टर रंजन कुमार, छत्तीसगढ़ टूरिज्म सेंटर इंचार्ज अरविंद कुमार बघेल, आईएटीओ राजस्थान चैप्टर हैड महेंद्र सिंह राठौड़, एडीटीओआई राजस्थान सेक्रेटरी वीएस वसुंधरा, एफआरटीओ प्रेसीडेंट योगेंद्र सिंह, सेक्रेटरी कमल डोई के अलावा ब्लू आई इंडिया डायरेक्टर सुब्रता भौमिक सहित विभिन्न राज्यों के पर्यटन विभाग, टूर और ट्रैवल सेक्टर से जुड़ी संस्थाओं व निजी कम्पनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### देश-दुनिया का ट्यूर प्लान जयपुर में

ब्लू आई इंडिया डायरेक्टर सुब्रता भौमिक ने बताया, कि फेयर में सुबह 11 से शाम 7 बजे तक देश-विदेश की टूरिस्ट डेस्टिनेशंस और टुअर प्लांस एक जगह पर है। यहां गुजरात टूरिज्म की स्टॉल पर स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, गिर नेशनल पार्क, खलवानी ईको टूरिज्म के अलावा सोमनाथ और द्वारकाधीश सरीखे धार्मिक पर्यटन स्थलों की जानकारी मॉडल्स के जरिए दर्शाई। मिनिस्ट्री ऑफ टूरिज्म, भारत सरकार की स्टॉल पर पिंकसिटी के अल्बर्ट हॉल को बखूबी प्रदर्शित किया गया है। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की स्टॉल पर श्रीराम वन गमन टूरिज्म सर्किट, बस्तर जिले के चित्रकूट और तीर्थगढ़ वाटर फॉल, कैलाश झील में बैंबू रीवर राफ्टिंग के बारे में मॉडल्स हैं। फेयर में दीपावली के के मद्देनजर हॉलीडे, डोमेस्टिक और इंटरनेशनल ट्रैवल प्लान्स पर विजिटर्स बताए गए। वहीं, भारत सरकार के इंक्रेडेबल इंडिया कैंपैन के तहत कई नई टूरिज्म डेस्टिनेशन के बारे में ट्रैवल एक्सपर्ट्स जानकारी दे रहे हैं।

अगर हर अच्छी-बुरी परिस्थिति में हम विवेक से काम कर रहे हैं, तो सच मानिए ईश्वर कृपा है हम पर।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## अमेरिका: पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने किया आरोपों से इनकार

# चुनाव परिणाम बदलने का किया था प्रयास

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों को बदलने के प्रयास करने संबंधी आरोपों को मानने से इनकार कर दिया। ट्रंप यहां की एक संघीय अदालत में पेश हुए। उन्होंने भारतीय मूल की अमेरिकी न्यायाधीश मोक्षिला उपाध्याय की अदालत में 'जुर्म स्वीकार नहीं करने संबंधी याचिका दाखिल की है।

वे वाहनों के बड़े काफिले के साथ अदालत परिसर पहुंचे। सुनवाई शुरू होने पर न्यायाधीश उपाध्याय ने प्रश्न किया, 'एक से चार तक के आरोपों पर ट्रंप का क्या कहना है?' इस पर अपने वकीलों से घिरे ट्रंप ने कहा, 'कोई अपराध नहीं किया।' न्यायाधीश ने ट्रंप को बताया कि उन्हें जाने दिया जाएगा, लेकिन इन शर्तों के साथ कि उन्हें जब भी अदालत में बुलाया जाएगा, उन्हें उपस्थित होना होगा। ट्रंप को अब अमेरिकी जिला न्यायाधीश तान्या छुटकन की अदालत में 28 अगस्त को पेश होना है, लेकिन उनके पास व्यक्तिगत तौर पर पेशी से छूट का विकल्प मौजूद है।

### तीसरी बार हो चुके अभियोग तय

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ 2020 के चुनाव में उनकी हार संबंधी परिणाम को पलटने के प्रयास करने के संबंध में संघीय अदालत ने चार आरोप तय किए। इस साल यह तीसरी बार है जब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ आपराधिक अभियोग तय किए गए हैं। अमेरिका के न्याय विभाग के विशेष अधिवक्ता ने 45 पन्नों का अभियोग पत्र अदालत में पेश किया था।




### आरोपों को बताया राजनीति से प्रेरित

ट्रंप (77) पर आरोप है कि 2020 राष्ट्रपति चुनाव का फैसला बदलने की नियत से 6 जनवरी 2021 को जब संसद बाइडेन की जीत की पुष्टि करने वाली थी, उस दिन ट्रंप के समर्थकों ने 'यूएस कैपिटल' पर हमला किया था। ट्रंप ने अपने बयान में समर्थकों से कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया गया और उनपर लगे आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। ट्रंप ने उन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि 2020 के चुनाव के बाद उन्होंने कुछ गलत किया था।

## पाकिस्तान: नेशनल असेंबली 9 अगस्त को होगी भंग

# 90 दिन में होंगे आमचुनाव

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि निचले सदन का कार्यकाल खत्म होने से तीन दिन पहले ही नेशनल असेंबली को 9 अगस्त को भंग कर दिया जाएगा। इस कदम से देश में 90 दिनों के भीतर आम चुनाव कराना होगा। पाक मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि शरीफ ने गुरुवार को प्रधानमंत्री आवास पर सत्तारूढ़ गठबंधन सहयोगियों के लिए आयोजित रात्रिभोज समारोह में यह बात कही। पाकिस्तान की संसद का पांच साल का कार्यकाल 12 अगस्त को पूरा होने जा रहा है।

ऐसे में सत्ताधारी गठबंधन सरकार चुनाव की तैयारी कर रही है। संविधान के प्रावधान के तहत नेशनल असेंबली का कार्यकाल पूरा होने पर 60 दिन में आम चुनाव कराने होते हैं, लेकिन अगर कार्यकाल पूरा होने से पहले ही असेंबली को भंग कर दिया जाए तो यह अवधि 90 दिन तक बढ़ सकती है। बता दें, शहबाज शरीफ ने कहा है कि उनकी पार्टी को बहुमत मिला तो नवाज शरीफ वतन लौटेंगे और पीएम बनेंगे। नवाज भ्रष्टाचार मामले में जमानत मिलने के बाद विदेश भाग गए थे।



### अधिसूचना भेजी जाएगी राष्ट्रपति को

रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री नौ अगस्त को नेशनल असेंबली भंग करने के लिए राष्ट्रपति आरिफ अलवी को अधिसूचना भेजेंगे। संविधान के मुताबिक राष्ट्रपति के अधिसूचना पर हस्ताक्षर करते ही असेंबली भंग हो जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर किसी कारण से राष्ट्रपति हस्ताक्षर नहीं करते हैं, तो प्रधानमंत्री की अधिसूचना प्राप्त होने के 48 घंटे बाद असेंबली स्वत: ही भंग हो जाएगी।

### सहयोगी दलों से की बात

रात्रि भोज समारोह में शरीफ ने सहयोगी दलों के नेताओं को बताया कि सत्ताधारी दल पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पार्टी के भीतर विचार-विमर्श को अंतिम रूप दे दिया है और प्रधानमंत्री शुक्रवार को कार्यवाहक ढांचे पर सहयोगियों के साथ अंतिम दौर की चर्चा शुरू करेंगे। इसमें कम से कम तीन दिन लगने की उम्मीद है। कार्यवाहक ढांचे पर सहयोगियों के साथ एक ऑनलाइन बैठक शुक्रवार को भी होने की उम्मीद है।

## रूस ने यूक्रेन पर लगाया आरोप...

# नौसेना अड्डे व क्रीमिया पर किया हमला

**एजेंसी** | मास्को

रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन पर आरोप लगाया कि उसने नोवोरोसिस्क बंदरगाह में उसके काला सागर नौसेना अड्डे पर समुद्री ड्रोन से हमला किया है।

नोवोरोसिस्क पर हमला पिछले 18 महीने से जारी युद्ध में पहला मौका है जब रूस के किसी वाणिज्यिक बंदरगाह को निशाना बनाया गया है। यह शहर काला सागर तट पर रूस का एक प्रमुख बंदरगाह है और वहां नौसेना का अड्डा, पोत निर्माण यार्ड तथा एक तेल टर्मिनल भी है।



इस बीच रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने रात में यूक्रेन के एक और हमले को विफल कर दिया तथा 13 ड्रोन को मार गिराया। मंत्रालय ने कहा कि नौसेना अड्डे की सुरक्षा के लिए तैनात रूसी पोतों ने दो यूक्रेनी समुद्री ड्रोन को मार गिराया। यूक्रेन के अधिकारियों ने हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की। काला सागर बंदरगाह पर हमले की पुष्टि करने के कुछ ही मिनट बाद रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने क्रीमिया पर यूक्रेन के एक और हमले को भी नाकाम कर दिया है। वहां वायु रक्षा प्रणालियों ने 10 ड्रोन को मार गिराया है।

### ट्रेन-ट्रक की टक्कर में 8 लोगों की मौत

**बैंकॉक।** थाईलैंड के पूर्वी प्रांत में एक मालगाड़ी ने पटरी पार कर रहे एक पिकअप ट्रक को टक्कर मार दी, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई। थाईलैंड के राजकीय रेलवे के अनुसार, घटना बृहस्पतिवार को देर रात दो बजकर 20 मिनट के आसपास चाचोएंगसाओ प्रांत के मुआंग जिले में घटी। हादसे में चार लोग घायल हो गए। जब ट्रक चालक को एहसास हुआ कि ट्रक, ट्रेन से टकरा जाएगा, तब उसने ट्रक को रोकने की कोशिश की, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

# जैन आचार्य लोकेश मुनि बतौर वक्ता जाएंगे विश्व धर्म संसद ने

**एजेंसी** | वाशिंगटन

विश्व धर्म संसद ने 14 अगस्त को होने वाले उद्घाटन समारोह में प्रख्यात जैन आचार्य लोकेश मुनि को बतौर वक्ता आमंत्रित किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में गुरुवार को यह जानकारी दी गई। शिकागो में होने वाले पांच दिवसीय कार्यक्रम में 80 देशों से करीब 10,000 प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह विश्व में सबसे बड़ा धार्मिक सम्मेलन है।

अहिंसा विश्व भारती और वर्ल्ड पीस सेंटर के संस्थापक जैन आचार्य लोकेश मुनि ने कहा कि उन्हें विश्व धर्म संसद से एक ईमेल आया है जिसमें उन्हें उद्घाटन समारोह में वक्ता के साथ-साथ अंतरधार्मिक सत्र में भी बतौर वक्ता आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा वह जलवायु परिवर्तन और विश्व शांति पर आयोजित अन्य दो सत्रों को भी संबोधित करेंगे।

स्वामी विवेकानन्द ने वर्ष 1893 में विश्व धर्म संसद में भाग लेकर आध्यात्मिक जगत पर विशेष छाप छोड़ी थी। उस समय जैन धर्म की ओर से वीरचंद राघवजी गांधी ने भाग लिया था। शिकागो में होने वाले कार्यक्रम में कई अन्य भारतीय धार्मिक नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है।

## 'सिटी किलर', तबाही का देवता...

# पृथ्वी के पास से गुजरते हैं कई क्षुद्रग्रह

**एजेंसी** | बेंटली

ऐस्टरॉइड या क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब ऐस्टरॉइड सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किमी प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं, लगभग पृथ्वी के समान गति से। ऐस्टरॉइड निश्चित रूप से लोगों की कल्पनाओं में रहते हैं, तभी तो यह कई हॉलीवुड फिल्मों में दिखाई देते हैं, यदि कोई बड़ा ग्रह पृथ्वी से टकराता है तो कितना विनाश हो सकता है। लगभग हर सप्ताह हम ऑनलाइन सुर्खियां देखते हैं, जिनमें क्षुद्रग्रहों को 'बस', 'ट्रक', 'वेंडिंग मशीन', 'आधे जिराफ' और कई बार 'पूरे जिराफ' के आकार का बताया जाता है।



### प्लैनेट किलर जैसे विशेषण हैं इनके

हमारे पास क्षुद्रग्रहों के बारे में 'सिटी किलर', 'प्लैनेट किलर' और 'गॉड ऑफ कैओस' जैसे विशेषण भी हैं। निसंदेह, क्षुद्रग्रहों से उत्पन्न खतरे वास्तविक हैं। यह सर्वज्ञात है कि लगभग 6.50 करोड़ वर्ष पहले, पृथ्वी पर संभवतः एक बड़े क्षुद्रग्रह के प्रभाव के कारण जीवन घुटनों पर आ गया था, जिससे अधिकांश डायनासोर मारे गए थे। छोटे क्षुद्रग्रह बड़े की तुलना में बहुत कम नुकसान पहुंचाते हैं। इसलिए, पृथ्वी बड़े क्षुद्रग्रहों के साथ दुर्लभ लेकिन उच्च प्रभाव वाले टकरावों का अनुभव करती है।

### 95% एस्टेरॉइड खोजे जा चुके

सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक वहीं टूट जाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बना जाता है। अनुमानत: एक किमी से बड़े आकार के लगभग 95% क्षुद्रग्रह पहले ही खोजे जा चुके हैं, और शेष 5% के लिए आसमान में लगातार खोज की जा रही है। जब कोई नया पाया जाता है, तो खगोलशास्त्री पृथ्वी पर किसी भी खतरे का आकलन करने के लिए व्यापक अवलोकन करते हैं।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl